
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25
www.dainikvishwapariwar.com
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 08 ● वर्ष : 14 ● रायपुर, मंगलवार 07 जुलाई 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



परिश्रम के द्वारा मंजिल तब प्राप्त होती है, जब अपना ध्यान मजबूत होता है।

Hand work begets us the destination only when we have determined meditation.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

# इंडोनेशिया में भारतीय समुदाय ने पीएम नरेन्द्र मोदी का भव्य स्वागत किया

## राष्ट्रपति खुद हवाई अड्डे पर पहुंचकर किया पीएम का स्वागत





**जकार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों के दौरे के पहले चरण में सोमवार को जकार्ता पहुंचे, जहां इंडोनेशिया में रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका ज़ोरदार स्वागत किया। पीएम मोदी राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो के निमंत्रण पर 6 से 8 जुलाई तक इंडोनेशिया के दौरे पर हैं। राष्ट्रपति खुद हवाई अड्डे पर दूसरे नेताओं के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए मौजूद रहे।

भारतीय समुदाय ने भारत माता की जय और मोदी, मोदी के नारों के साथ पीएम मोदी का स्वागत किया। एयरपोर्ट पहुंचने पर उन्होंने एक सांस्कृतिक कार्यक्रम देखा। भारतीय प्रधानमंत्री के जकार्ता पहुंचने से पहले, वहां रहने वाले भारतीयों ने उनकी यात्रा पर खुशी ज़ाहिर की। एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा, यह पहली बार है जब मैं पीएम मोदी को इतने करीब से देखूंगा। मैं बहुत उत्साहित हूं। एक और व्यक्ति ने कहा, हम स्नेह और प्यार के साथ आपका स्वागत करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जकार्ता एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो द्वारा उनके स्वागत से वे बहुत प्रभावित हुए और कहा कि वे विभिन्न क्षेत्रों में इस साझेदारी को और गति देने के उद्देश्य से बातचीत करेंगे। पीएम मोदी ने अपने प्रस्थान वक्तव्य में कहा कि वर्ष 2018 में मेरी पहली इंडोनेशिया यात्रा के दौरान भारत और इंडोनेशिया ने द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया था। उसके बाद यह मेरी पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। यह यात्रा राष्ट्रपति प्रबोवो की भारत की राजकीय यात्रा के बाद हो रही है, जो 26 जनवरी, 2025 को हमारे गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे। भारत और इंडोनेशिया के बीच मजबूत सभ्यतागत और जन-संबंध हैं और मेरी यह यात्रा हमारी बहुआयामी साझेदारी के सभी पहलुओं को और अधिक सुदृढ़ करेगी। इस यात्रा के दौरान, मैं इंडोनेशिया में रहने वाले भारतीय प्रवासियों से भी बातचीत करूंगा और राष्ट्रपति प्रबोवो के साथ योग्याकार्ता स्थित प्रम्बनन मंदिर परिसर का दौरा करूंगा, जो हमारे घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंधों का एक और उल्लेखनीय प्रमाण है।

## अवैध कोयला खनन पर सख्त हुए अमित शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने रविवार को नई दिल्ली में अवैध कोयला खनन और कोयले की चोरी की स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव, केंद्रीय कोयला सचिव, कोयला मंत्रालय, सीआईएसएफ, कोल इंडिया लिमिटेड और बीसीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में धनबाद और आसपास के इलाकों में अवैध कोयला खनन और चोरी की बिगड़ती स्थिति पर विशेष चिंता जताई गई। बैठक में कोयला मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि अक्टूबर 2025 के पहले सप्ताह में हुई समीक्षा के बाद कई ठोस कदम उठाए गए हैं। सीआईएसएफ और कोल इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों को 'खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957' के तहत कार्रवाई करने का अधिकार दिया गया है।

# छत्तीसगढ़ में नदी-नाले उफान पर, रायपुर में सड़कें बनीं तालाब

■ **घरों में घुसा पानी; मेयर बोलीं- फील्ड में रहें अफसर**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में मानसून पूरी तरह एक्टिव हो गया है। पिछले 2 दिनों से रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में रुक-रुककर बारिश हो रही है। तेज बारिश के कारण कई शहरों और रिहायशी इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है। रायपुर के टाटीबंध सहित कई निचले इलाकों में घरों और सड़कों पर पानी भर गया, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इधर, रायपुर मेयर मीनल चौबे ने सोमवार को जलभराव से प्रभावित इलाकों का दौरा कर हालात का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को दफ्तर छोड़कर फील्ड में डटे रहने को कहा। महासमुंद जिले में गोपालपुरा एनीकट में सोमवार दोपहर मछली पकड़ने के दौरान एक युवक तेज बहाव में बह गया। रेस्क्यू टीम लापता युवक की तलाश में जुटी है। वहीं कोरबा जिले के ग्राम पंचायत भैसामुड़ा के पास जोगीनाला में करोड़ों रुपए की लागत से बना पुलिया पहली ही बारिश में टूटा गया। बलौदाबाजार जिले में अमेठी एनीकेट के ऊपर करीब 3 फीट पानी बह रहा है। इससे आसपास के दर्जनों गांवों का मुख्य मार्ग से संपर्क टूट गया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 48 घंटे तक प्रदेश में भारी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। इसे देखते हुए 8 जिलों के लिए रेड अलर्ट, 15 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट और 6 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। बिलासपुर में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई। वहीं, भिलाई में लगातार बारिश के कारण शहर के कई हिस्सों में सड़कें लबालब हो गईं। सुपेला कोसा नाला, नेहरू नगर, राधिका नगर, तालपुरी और कैंप क्षेत्र में सड़कों पर इतना पानी भर गया कि वे तालाब जैसी नजर आने लगीं।

# भगवान राम और झूलेलाल दोनों को ठगा गया: भूपेश

■ **राम मंदिर चंदा चोरी को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री का बयान**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने राम मंदिर ट्रस्ट में कथित अनियमितताओं को लेकर कहा कि, राम मंदिर निर्माण और चढ़ावे में गड़बड़ियां हुईं, यहां तक भगवान राम और भगवान झूलेलाल दोनों को ठगा गया। हर फैसला प्रधानमंत्री लेते हैं, अब वो चुप क्यों हैं? बीजेपी नेता विनय कटियार ने धीरेंद्र शास्त्री को चोर कह दिया था। जिस पर उन्होंने कहा कि, धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पर सबसे पहले सवाल मैंने ही उठाए थे। अब धीरेंद्र शास्त्री खुद कह रहे हैं कि उन्हें डर लग रहा है, जबकि एक सच्चा साधु कभी भयभीत नहीं होता और न ही किसी से डरने की बात करता है। पंजाब रवाना होने से पहले रायपुर एयरपोर्ट पर बघेल ने यह बयान दिया है।

राम मंदिर चंदा चोरी को लेकर भूपेश बघेल ने कहा कि, यह मामला नया नहीं है। शिलापूजन के समय से ही गड़बड़ियां शुरू हो गई थीं। जमीन खरीदी से लेकर मंदिर निर्माण तक भ्रष्टाचार हुआ और निर्माण में 40 प्रतिशत कमीशन लिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सिंधी समाज की तरफ से भगवान झूलेलाल की प्रतिमा के साथ दी गई 200 किलो चांदी का भी कोई हिसाब नहीं है। साथ ही एक आईएएस अधिकारी की ओर से भेंट की गई सोने की रामायण भी गायब हो गई। उन्होंने कहा कि, इस मामले में भगवान राम और भगवान झूलेलाल दोनों को ठगने का काम हुआ है। भूपेश बघेल ने कहा कि, अमित शाह को भी इसकी जानकारी है, इसलिए वे राम मंदिर नहीं गए। न वे शिलान्यास में गए, न उद्घाटन में गए। जब शिलान्यास प्रधानमंत्री कर रहे हैं, उद्घाटन प्रधानमंत्री कर रहे हैं, ध्वजारोहण प्रधानमंत्री कर रहे हैं, कौन-कौन ट्रस्ट का सदस्य रहेगा, यह भी प्रधानमंत्री ही तय कर रहे हैं।

## एक विधान, एक निशान और एक प्रधान का सपना साकार हुआ

**जम्मू-कश्मीर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर जम्मू-कश्मीर पहुंचे। मिश्रीवाला में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर त्याग, बलिदान और वीरता की भूमि है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में शांति, विकास और सुशासन का नया दौर शुरू हुआ है। नितिन नवीन ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन करोड़ों देशवासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

# खामेनेई की अंतिम यात्रा: 10 किमी लंबे रूट पर लाखों लोग

■ **सरकारी मीडिया ने इसे देश का सबसे बड़ा जनसमूह बताया**



**तेहरान।** ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की अंतिम यात्रा सोमवार को तेहरान में आगे बढ़ रही है। 10 किलोमीटर लंबे रूट पर लाखों लोग अंतिम दर्शन के लिए जुटे हैं। सरकारी मीडिया ने इसे देश के आधुनिक इतिहास का सबसे बड़ा जनसमूह बताया है। भीड़ इतनी ज्यादा है कि कई जगह ताबूत ले जा रहा वाहन धीमी गति से आगे बढ़ रहा है। आजादी स्ट्रीट समेत कई इलाकों में लोगों की इतनी भीड़ है कि कुछ समय के लिए वाहन को रुकना भी पड़ा। प्रशासन ने लोगों से अंतिम यात्रा मार्ग पर बने रहने की अपील की है। अधिकारियों के मुताबिक, आखिर में खामेनेई के पार्थिव शरीर को हेलिकॉप्टर से अंतिम यात्रा मार्ग के ऊपर ले जाया जाएगा, ताकि दूर खड़े लोग भी अंतिम दर्शन कर सकें। अंतिम यात्रा के बाद खामेनेई के पार्थिव शरीर को धार्मिक रस्मों के लिए कोम ले जाया जाएगा। इसके बाद उन्हें उनके गृह शहर मशहद में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर उन्हें किया नमन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में प्रख्यात शिक्षाविद् और राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मां भारती के सच्चे सपूत थे, जिन्होंने राष्ट्र की अखंडता के लिए सर्वोच्च बलिदान देते हुए संपूर्ण जीवन देश सेवा के लिए समर्पित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के दिखाए पथ पर अग्रसर होते हुए हम विकसित और सशक्त भारत का निर्माण करेंगे। इस अवसर पर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

## आत्मघाती हमले में 2 जवान शहीद



**इम्फा।** मणिपुर के उखरूल जिले में नुंगशांग कोंग के पास 40 असम राइफल्स के काफिले पर संदिग्ध उग्रवादियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। इस हमले में असम राइफल्स के दो जवान शहीद हो गए। हमला उस समय हुआ, जब जवान अपनी ड्यूटी पूरी कर शांगशाक बटालियन हेडक्वॉर्टर की ओर लौट रहे थे। घात लगाकर बैठे हमलावरों ने अचानक अत्याधुनिक हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और जोरदार विस्फोट किए। हमले में वारंट ऑफिसर बलवंत सिंह और राइफलमैन सीएम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तुरंत उखरुल जिले के संगशक स्थित असम राइफल्स के नजदीकी शिविर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया और वे शहीद हो गए। उनके पार्थिव शरीर को शांगशाक स्थित असम राइफल्स कैंप ले जाया गया है घटना के तुरंत बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर व्यापक तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। इस बीच, मणिपुर के गृह मंत्री गोविंददास कोंथौजाम ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि नुंगशांग कोंग में 40 असम राइफल्स के काफिले पर हुए हमले की खबर से उन्हें गहरा दुख पहुंचा है।

# मूसलाधार बारिश: महाराष्ट्र के सातारा में पुल टूटा, क्रेन से कारें निकालीं

■ **मुंबई में रेलवे ट्रैक, एक्सप्रेस-वे बंद, जम्मू-कश्मीर में लैंडस्लाइड**



**मुंबई।** देश के कई राज्यों में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। महाराष्ट्र में तीन दिन से लगातार बारिश हो रही है। मुंबई-पुणे रेल रूट पर करजत-लोनावला के भोर घाट सेक्शन में दो जगह लैंडस्लाइड हो गई। इससे तीनों रेलवे लाइनें प्रभावित हो गईं। 20 ट्रेनों को कैंसिल करना पड़ा। उधर, मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर भी लैंडस्लाइड होने से रास्ता बंद हो गया। सातारा जिले के महाबलेश्वर में वेण्णा नदी का पुल टूटने से 10-12 पर्यटक फंस गए। कारों को क्रेन की मदद से निकाला गया। सभी सरकारी और प्रायवेट स्कूलों-कॉलेजों में छुट्टी घोषित की है। मुंबई एयरपोर्ट पर 17 फ्लाइट रद्द हुईं। मुंबई में प्राइवेट ऑफिसों के कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने को कहा गया है। वहीं जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड हो गई। 6-7 गाड़ियां मलबे में दब गईं। मलबा हटाने का काम जारी है। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में चलती गाड़ी पर पत्थर गिरने से 14 साल की लड़की की मौत हो गई।





# बाबा बर्फानी: 3 दिन में 56000 श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

■ **अमरनाथ गुफा में शिवलिंग 90% गायब**



**श्रीनगर।** अमरनाथ में बनने वाले पवित्र शिवलिंग का आकार एक फीट रह गया है। सोमवार को एक फीट के बाबा बर्फानी की फोटो सामने आई। 57 दिन चलने वाली यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी। पिछले 3 दिनों में 56 हजार से ज्यादा तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले साल से 18.6त्न ज्यादा रहा। 2025 में पहले तीन दिन में 47,972 श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे थे। यात्रा के लिए इस साल 4 लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

23 मई को बीएसएफ के जवानों ने जो तस्वीर जारी की थी, उसमें शिवलिंग का आकार करीब 7 फीट था। 29 जून को पहली पूजा के दिन भी हिमलिंग की ऊंचाई 5 फीट से ज्यादा थी। 6 जुलाई को सामने आई तस्वीर में हिमलिंग लगभग 90 प्रतिशत गायब हो चुका है। 48 किमी लंबे नुनवान-पहलगाम रूट और 14 किमी वाले छोटे, लेकिन कठिन बालटाल रूट से लगातार यात्री दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। यात्रा 28 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन खत्म होगी।

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने बिना रजिस्ट्रेशन करवाए अमरनाथ पहुंच रहे यात्रियों से कहा है कि वे अपनी यात्रा कुछ दिन के लिए टाल दें। प्रशासन के मुताबिक, 9 जुलाई तक सभी रजिस्ट्रेशन स्लॉट पूरी तरह भर चुके हैं। ऐसे में अगर कोई यात्री बिना रजिस्ट्रेशन बालटाल या पहलगाम रूट से आगे बढ़ने की कोशिश करेगा तो उसे चेक पॉइंट्स पर रोक दिया जाएगा। उसे 9 जुलाई के बाद ही आगे बढ़ने दिया जाएगा।अधिकारियों ने कहा कि रविवार से केवल रजिस्टर्ड यात्री ही कश्मीर की ओर जाने की अनुमति दी जाएगी।



# विश्रामपुर पुलिस थाना परिसर को हरियाली देने में लगे हैं थाना प्रभारी प्रकाश राठौड़





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-सूरजपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले विश्रामपुर पुलिस थाना में पदस्थ टीआई प्रकाश राठौड़ इन दोनों विश्रामपुर पुलिस थाना को हरियाली करने में जुटे हुए है पुलिस कर्मियों के साथ मिल कर थाना परिसर एवं उसके बाहर विभिन्न प्रजाति के वृक्षों का पौधा का रोपण सामूहिक रूप से कराया।

आज बिश्रामपुर थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ थाना परिसर एवं उसके बाहर विभिन्न प्रजाति के वृक्षों का पौधा लगाया एवं सभी कर्मियों को पौधों को संरक्षण संवर्धन करने के लिए अपील की।

उक्त अवसर पर टी आई प्रकाश राठौर ने कहा कि बढ़ते तापमान प्रत्येक प्राणी को जीना मुश्किल कर दिया है इसके जिम्मेदार हम सब है। मनुष्य को छाया चाहिए, फल चाहिए ,पानी चाहिए ,सुंदरवन उपवन चाहिए परंतु इसे बचाना कोई नहीं चाहता। फल चाहिए पर फलदार वृक्ष लगाना नहीं चाहता पानी चाहिए पर पानी बचाना नहीं है ।समय पर मानसून चाहिए परंतु वनों का संरक्षण नहीं चाहिए ऐसे में वायुमंडलीय परिवर्तन हर प्राणी को जीना मुश्किल कर दिया है जबकि ईश्वर ने हर प्राणी को जीवित रहने के लिए उसके जरूरत को निशुल्क उपहार दिया है ।ईश्वर का दिया हुआ निशुल्क उपहार को हम सब संरक्षण संवर्धन नहीं कर पा रहे जिसका नतीजा आप हम सबके सामने है। समय पर मानसून नहीं आना वायुमंडलीय तापमान 50 से 55 हो जाना पृथ्वी के गर्भ से जल का दोहन करना इन सब कर्म से हर प्राणियों को जीना मुश्किल हो गया है इसलिए हर व्यक्ति को वृक्षों का पौधा लगाकर उसे तैयार करने हेतु ईमानदारी से संकल्प लेना होगा नहीं तो आने वाले हमारी जनरेशन हमें क्षमा नहीं करेंगे ,इस गंभीर विषय पर हम सभी को गंभीरता से सोचना है और और जीवन और आचरण में उतारना है।

## स्वामी आत्मानंद हिंदी मध्य विद्यालय बिश्रामपुर में शाला प्रवेश उत्सव एवं शाला विकास समिति की बैठक संपन्न





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय बिश्रामपुर में शाला प्रवेश उत्सव तथा शाला विकास समिति का गठन एवं बैठक का आयोजन किया गया।

शासन के निर्देशानुसार सभी विद्यालयों को जून- जुलाई माह में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से विद्यालय में स्वागत किया जाना है, इसी के अंतर्गत आज विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव मनाया। इस अवसर पर विश्रामपुर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निर्मला यादव, विश्रामपुर के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव, वरिष्ठ पार्षद रवि शंकर बउआ,वार्ड नंबर 9 के पार्षद श्री अमरेश प्रसाद, युवा भाजपा नेता सूरज शेट्टी उपस्थित रहे। सबसे पहले माँ सरस्वती जी की वंदना के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया इसके पश्चात विद्यालय की प्रचार्य श्रीमती सुचित्रा खालको ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ द्वारा स्वागत किया। इसके उपरांत अतिथियों के सम्मान में संस्था के छात्राओं द्वारा एक आकर्षक संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसकी उपस्थित अतिथियों एवं पालकों ने बहुत सराहना की।अतिथियों ने अपने हाथों से नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया एवं उन्हें मिष्ठान खिलाया, तथा उन्हें पुस्तकों का वितरण किया गया।आज ही विद्यालय में पलकों की बैठक लेकर नई शाला विकास समिति का गठन किया गया, जिसमें पालको की साहमति से श्रीमती भगमनिया सोनवानी को शाला विकास समिति का नया अध्यक्ष चुना गया।

15 अन्य पलकों तथा विश्रामपुर नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों, शिक्षक, शिक्षाविद एवं पूर्व छात्रों को भी समिति का सदस्य बनाया गया। शाला की प्राचार्य श्रीमती सुचिता खलखो ने शाला प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने बताया कि विद्यालय के परीक्षा परिणाम में गत वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय सुधार हुआ है जिसमें कक्षा दसवीं में गत वर्ष 72त्न के स्थान पर इस वर्ष 95त्न तथा कक्षा 12वीं में 82त्न के स्थान पर 93त्न बच्चे सफल हुए। विद्यालय में छात्रों की संख्या में बहुत वृद्धि हुई है। उन्होंने सभी के सहयोग से विद्यालय को निरंतर प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए आश्वासन दिया। छात्रों को श्री दीपेंद्र चौहान, रवि शंकर बउआ,श्री राजेश यादव सूरज शेट्टी और अमरेश प्रसाद जी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन श्री सुनील सिंह व्याख्याता ने किया तथा आभार प्रदर्शन श्री वीरेंद्र तिवारी व्याख्याता द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्रों का योगदान रहा।

## सहकारिता सप्ताह के समापन पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



**बिलासपुर।** सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पाँच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में 29 जून से 6 जुलाई तक सहकारिता सप्ताह मनाया गया ।सप्ताहभर जिले में सहकारिता के प्रचार-प्रसार, जनजागरूकता एवं सदस्यता विस्तार के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। आज समापन अवसर पर बिलासपुर के नेहरू चौक स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राजेन्द्र नगर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों के बीच निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई। विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो तथा नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में सहकारिता के महत्व पर व्याख्यान भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को सहकारिता की भूमिका और उसके लाभों की जानकारी दी गई। सहकारिता सप्ताह के दौरान सदस्यता अभियान, किसान एवं पैक्स सदस्यों के लिए जागरूकता कार्यक्रम, एफपीओ एवं पैक्स की भूमिका पर परिचर्चा, युवाओं के लिए ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन, स्वास्थ्य शिविर, माइक्रो एटीएम एवं रूपे किसान क्रेडिट कार्ड वितरण सहित कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इसके अलावा विकेन्द्रीकृत धान उपार्जन योजना के तहत चयनित समितियों का भ्रमण भी कराया गया। कार्यक्रम में सहकारिता विभाग एवं जिला सहकारी संघ के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं नागरिक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि सहकारिता सप्ताह के आयोजन से जिले में सहकारी समितियों की सदस्यता बढ़ी है तथा किसानों एवं आमजन में सहकारिता के प्रति जागरूकता और विश्वास मजबूत हुआ है।

### दिशा समिति की बैठक 7 जुलाई को

**बिलासपुर।** जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक 7 जुलाई 2026 को अपरान्ह 3 बजे से जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में होगी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय राज्यमंत्री श्री तोखन साहू करेंगे। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इसके लिए 96 बिन्दुओं की एजेण्डा जारी की गई है। प्रमुख रूप से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटी मिशन, दीन दयाल अंत्योदय योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि विषयों पर चर्चा की जाएगी। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों को पूरी तैयारी के साथ बैठक में शामिल होने के निर्देश दिए है।

## गैर-संचारी रोग नियंत्रण के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण सम्पन्न

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** जिले में राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से गत शुक्र और शनिवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार वैष्णव के मार्गदर्शन, जिला नोडल अधिकारी डॉ. रूपेंद्र साहू के नेतृत्व तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक दीपक धारा के समन्वय में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में राज्य स्तर से आए मास्टर प्रशिक्षक डॉ. उर्वीन शाह डब्ल्यूएचओ सलाहकार एवं अतुल शुक्ला ने जिले के समस्त डेटा प्रबंधकों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ ग्रामीण चिकित्सा सहायकों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों तथा डेटा एंट्री ऑपरेटरों को प्रशिक्षण प्रदान किया ।प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में प्रतिभागियों को कैंसर, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग एवं स्ट्रोक जैसे गैर-संचारी रोगों की रोकथाम, स्क्रीनिंग, उपचार एवं फॉलो-अप संबंधी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कार्यक्रम की रिपोर्टिंग, मॉनिटरिंग एवं सुपरविजन से जुड़े महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी साझा किए गए। द्वितीय दिवस में एनपी-एनसीडी ऑनलाइन पोर्टल पर डेटा एंट्री, डेटा की शुद्धता एवं समयबद्ध रिपोर्टिंग पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं संस्थावार उपलब्ध आंकड़ों का विश्लेषण कराया गया तथा प्रतिभागियों को पोर्टल पर व्यवहारिक अभ्यास भी कराया गया। विशेषज्ञों ने डेटा एंट्री में आने वाली सामान्य त्रुटियों, उनके निराकरण एवं गुणवत्ता सुधार के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की ।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया तथा फील्ड स्तर पर आने वाली चुनौतियों से निपटने के व्यावहारिक सुझाव दिए गए। यह प्रशिक्षण जिले में गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी संचालन एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की क्षमता वृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हुआ ।कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला स्वास्थ्य समिति, सारंगढ़-बिलाईगढ़ की ओर से मास्टर प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण -पत्र वितरित किए गए। प्रशिक्षण का सफल संचालन जिला प्रबंधक, प्रशिक्षण एवं मानव संसाधन ममता जोल्हे, कार्यालय सहायक शेखर एवं डमरूधर साहू के सहयोग से संपन्न हुआ। अंत में डॉ. वैष्णव ने सभी प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल समापन की घोषणा की।

## 80 प्रतिशत दिव्यांगता से जूझ रहे परशुराम के चेहरे पर लौटी मुस्कान



### आज जनदर्शन में प्राप्त हुए कुल 85 आवेदन

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-जिला प्रशासन ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए जनदर्शन एक प्रभावी एवं भरोसेमंद मंच है। कलेक्टर द्वारा प्रत्येक सोमवार को आयोजित जनदर्शन में आज कुल 85 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में विकासखंड प्रतापपुर के ग्राम बगडा कोटेया निवासी दिव्यांग परशुराम तिवारी को नि:शुल्क मोटराइज्ड ट्राई साइकल उपलब्ध कराई गई, जिससे उनके जीवन में नई उम्मीद का संचार हुआ है।

समाज कल्याण विभाग के अनुसार परशुराम तिवारी 80 प्रतिशत दिव्यांगता की श्रेणी में आते हैं, जिसके कारण उन्हें चलना-फिरना बाधित था। वे बड़ी उम्मीद लेकर जनदर्शन में पहुंचे तथा कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर मोटराइज्ड ट्राई साइकल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। आवेदन प्राप्त होते ही कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को समझते हुए समाज कल्याण विभाग को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए, जिस पर विभाग द्वारा बिना किसी अनावश्यक विलंब के उन्हें नि:शुल्क मोटराइज्ड ट्राई साइकल उपलब्ध करा दी गई।

सहायता प्राप्त होने पर परशुराम तिवारी ने जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें आवागमन तथा सामान्य जीवन जीने में काफी सुविधा होगी।

समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री आलोक भवाल ने कहा कि शासन का उद्देश्य प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि पात्र दिव्यांगजन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सहायक उपकरणों का लाभ लेकर अपने जीवन को अधिक आत्मनिर्भर एवं सम्मानजनक बना सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कृषक उन्नति योजना से मिली आर्थिक मजबूती, खेती के साथ परिवार का भविष्य भी हुआ बेहतर

**गोपाल सिंह विद्रोही**



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-कृषक उन्नति योजना किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। योजना से प्राप्त प्रोत्साहन राशि का उपयोग किसान आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के साथ-साथ अपने परिवार के बेहतर भविष्य के निर्माण में भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में सोहागपुर ग्राम के किसान रमेश सिंह पिता स्वर्गीय धर्मपाल सिंह कृषक उन्नति योजना से लाभान्वित हुए हैं। गोड़ जनजाति से संबंध रखने वाले रमेश सिंह के पास लगभग 10 हेक्टेयर कृषि भूमि है। उन्होंने वर्ष 2025-26 में 255 क्विंटल धान का विक्रय किया, जिसके एवज में उन्हें योजना के तहत 1,86,405 रुपये की बोनस राशि प्राप्त हुई। रमेश सिंह बताते हैं कि बोनस राशि का उपयोग उन्होंने उन्नत किस्म के बीज, उर्वरक एवं कीटनाशकों की खरीद में किया है, जिससे खेती की गुणवत्ता और उत्पादन क्षमता में सुधार हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने अपने बच्चों की शिक्षा एवं परिवार के स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं पर भी इस राशि का उपयोग किया है। रमेश सिंह का कहना है कि कृषक उन्नति योजना से मिली बोनस राशि ने उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाया है। अब वे आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाते हुए बेहतर खेती कर रहे हैं और परिवार का जीवन स्तर भी पहले की अपेक्षा अधिक बेहतर हुआ है। उन्होंने राज्य शासन की इस योजना को किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी बताते हुए इसके लिए शासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### 31 जुलाई तक करें आवेदन, डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार 2026 के लिए आमंत्रित किए गए आवेदन

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- छत्तीसगढ़ शासन के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वर्ष 2026 के डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए पात्र कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कृषि क्षेत्र में नवाचार, उत्कृष्ट कार्य एवं उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले किसानों को सम्मानित करने के उद्देश्य से यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इच्छुक कृषक 31 जुलाई 2026 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस पुरस्कार का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में नवाचार, आधुनिक तकनीकों के उपयोग तथा उत्कृष्ट कृषि कार्यों को बढ़ावा देना है, ताकि अन्य किसान भी उन्नत खेती अपनाने के लिए प्रेरित हों और कृषि उत्पादन एवं आय में वृद्धि हो सके। पुरस्कार से संबंधित आवेदन पत्र एवं विस्तृत जानकारी विकासखंड स्तर पर स्थित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से नि:शुल्क प्राप्त की जा सकती है। विभाग ने पात्र कृषकों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है।

### सड़क सुरक्षा के लिए जांजगीर-चांपा पुलिस की अनूठी पहल, एनएच पर ट्रकों-ट्रेलरों में लगाई गई रेडियम पट्टियां

**जांजगीर-चांपा।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जांजगीर-चांपा पुलिस ने सामुदायिक पुलिसिंग के तहत एक अनूठी पहल की है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय (आईपीएस) के निर्देशन में राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलने वाले ट्रकों और ट्रेलरों में रेडियम (रिफ्लेक्टिव) पट्टियां लगाई गईं। यह अभियान 4 जुलाई की देर शाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) उदयन बेहार के मार्गदर्शन तथा सीएसपी योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान के दौरान अकलतरा, चांपा और सारागांव क्षेत्र से गुजरने वाले एनएच मार्ग पर ट्रकों एवं ट्रेलरों में रेडियम पट्टियां लगाकर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस के अनुसार रेडियम पट्टियों का उद्देश्य रात के समय, कोहरे, बारिश अथवा कम रोशनी की स्थिति में भारी वाहनों को दूर से स्पष्ट रूप से दिखाई देना है। इससे अन्य वाहन चालक समय रहते वाहन की दूरी और आकार का सही अनुमान लगा सकते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका काफी हद तक कम हो जाती है। जांजगीर-चांपा पुलिस ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर भविष्य में भी ऐसे जनजागरूकता एवं सामुदायिक पुलिसिंग आधारित अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

## संपादकीय

# छात्र-नौजवानों का भविष्य अंधकारमय

समस्या यह धारणा है कि परीक्षा तंत्र अकुशलता और भ्रष्टाचार के ग्रस्त है। इससे छात्रों का भविष्य अंधकारमय हुआ है। परीक्षा केंद्रों को 'बंकर' में तब्दील करने से यह धारणा दूर नहीं होगी। पेपर लीक के बाद दोबारा हुए नेशनल एलिजिबिलिटी- कम- एंट्रेस टेस्ट (स्नातक पूर्व) के लिए देश में बने 5,440 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा का ऐसा घेरा खड़ा किया गया (अथवा ऐसा करने का प्रचार किया गया), मानों उन केंद्रों को किसी बड़े आतंकवादी हमले से बचाने की चुनौती सामने हो! परीक्षा आयोजन में वायु सेना, केंद्रीय सशस्त्र बलों, डाक विभाग, केंद्र सरकार के वित्तीय सेवा विभाग, और नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर की मदद ली गई। अंत में यह खबर भी आ गई कि नीट परीक्षार्थियों को असुविधा से बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली हवाई अड्डे पर 45 मिनट तक इंतजार किया! यह दीगर बात है कि इन बड़ी सुर्खियों से पेपर लीक और परीक्षा संचालन व्यवस्था की पोल को ढका नहीं जा सका है। छात्रों का टीवी रिपोर्टरों से यह कहना अविश्वास के गहराते माहौल को जाहिर कर देता है कि दोबारा परीक्षा में शामिल होने को लेकर वे उतने नर्वस नहीं हुए, जितनी इस आशंका से हैं कि कहीं फिर पेपर लीक ना हो जाए! वैसे दोबारा परीक्षा की दहशत से भी दर्जन भर से अधिक छात्र नर्वस हुए, जिनकी आत्महत्या की खबरें हाल में चर्चित रही हैं। ऐसी घटनाओं ने नौजवानों के एक बड़े वर्ग में आक्रोश भरा है। उसका नज़ारा फिलहाल दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के अनिश्चितकालीन विरोध प्रदर्शन में देखने को मिल रहा है। गुस्सा इसको लेकर है कि वर्तमान सरकार के तहत जवाबदेही की अवधारणा ही दफना दी गई है। कुछ भी हो जाए, उसके लिए कोई उत्तरदायी नहीं होता! गंभीर से गंभीर समस्या में सरकार के पास दो ही जवाब होते है: 'सिक्युरिटी स्टेट' के रूप में अपनी क्षमता का प्रदर्शन और धुआंधार प्रचार से अपने पक्ष में नैरेटिव खड़ा करना। नीट के दोबारा आयोजन में इन दोनों उपायों का खुल कर मुजाहिरा किया गया। लेकिन इन उपायों से समस्याएं दूर नहीं होतीं। समस्या बनी यह धारणा है कि परीक्षा का सरकारी तंत्र अकुशलता और भ्रष्टाचार के ग्रस्त है। इससे करोड़ों छात्र-नौजवानों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। परीक्षा केंद्रों को 'बंकर' में तब्दील करने से यह धारणा दूर नहीं होगी।

## आलेख

# जब सुकून भी बिकने लगे

डॉ नीलम महेंद्र

सभ्यताएँ केवल अपने आविष्कारों से महान नहीं बनतीं, अपितु वे अपनी प्राथमिकताओं से इतिहास में याद रखी जाती हैं। हमारी सभ्यता ने अंतरिक्ष तक पहुँचने की क्षमता विकसित कर ली, कृत्रिम बुद्धिमत्ता का निर्माण कर लिया, सूचनाओं को प्रकाश की गति से भी तेज़ गति से दुनिया के एक कोने से दूसरे कोने तक पहुँचा दिया,लेकिन इसी सभ्यता का मनुष्य आज रात भर चैन की नींद सोने के लिए संघर्ष कर रहा है। उसके पास सुविधा है, साधन हैं, संसाधन हैं, पर सुकून नहीं है। और शायद हमारे समय की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि अब सुकून भी एक उत्पाद बन चुका है। अच्छी नींद के लिए स्लीप क्लिनिक हैं, तनाव से मुक्ति के लिए माइंडफुलनेस प्रोग्राम हैं, जंगल में समय बिताने के लिए फॉरेस्ट बाथिंग है, तारों को निहारने के लिए स्टार बाथिंग है और मोबाइल से दूर रहने के लिए डिजिटल डिटॉक्स रिट्रीट। इनमें से किसी उपाय पर आपत्ति नहीं हो सकती, क्योंकि इनके लाभ वैज्ञानिक रूप से सिद्ध हैं। प्रश्न केवल इतना है कि जिन अनुभवों पर कभी किसी का स्वामित्व नहीं था, वे आज पैकेज और प्रीमियम सेवाओं में क्यों बदल गए? क्या हमने जीवन इतना कृत्रिम बना लिया है कि अब अपनी सबसे स्वाभाविक ज़रूरतों तक पहुँचने के लिए भी बाज़ार की मध्यस्थता आवश्यक हो गई है? दरअसल हाल ही में तीन समाचार लगभग एक साथ चर्चा में रहे। देश के गृह मंत्री ने सार्वजनिक रूप से बताया कि अपनी जीवनशैली में बदलाव कर उन्होंने मधुमेह पर विजय प्राप्त कर ली है। इतना ही नहीं बल्कि उन्होंने इंसुलिन एवं अन्य किसी भी प्रकार की एलोपैथिक दवा से भी मुक्ति पा ली है। इसी प्रकार जर्नल ऑफ एन्वायरमेंटल साइकोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन में यह पाया गया कि रात में आकाश को निहारने का मानसिक स्वास्थ्य और खुशी के बीच सकारात्मक संबंध है। तो अब वेलनेस थेरेपी के अंतर्गत स्टार बाथिंग (रात में खुले आकाश के नीचे लेट कर तारों को निहारना) मानसिक स्वास्थ्य की चिकित्सा का रूप ले चुका है। इसी प्रकार एक अन्य रिपोर्ट में न्यूरोलॉजिस्टों ने चेतावनी दी है कि देर रात तक मोबाइल स्क्रीन देखने की आदत के कारण युवाओं से लेकर छोटे बच्चों तक में माइग्रेन और अन्य न्यूरोलॉजिकल समस्याएँ तेजी से बढ़ रही हैं। खास बात यह है कि इस प्रकार के लक्षण किसी दवा से नहीं बल्कि स्क्रीन टाइम कम करने, रात को समय पर सोने, पर्याप्त नींद लेने जैसे साधारण उपायों से ठीक हो रहे हैं। देखने में ये तीनों समाचार अलग-अलग हैं, लेकिन इनके भीतर एक ही संदेश छिपा है,मनुष्य अपनी प्राकृतिक जीवन-लय से दूर होता जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया में होने वाली लगभग 74 प्रतिशत मौतें गैर-संचारी रोगों के कारण होती हैं। इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन के अनुसार भारत में दस करोड़ से अधिक लोग मधुमेह से पीड़ित हैं, जबकि तेरह करोड़ से अधिक लोग प्रीडायबिटीज की स्थिति में हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद भी मानती है कि अनियमित दिनचर्या, तनाव, शारीरिक निष्क्रियता और असंतुलित भोजन इस संकट के प्रमुख कारण हैं। इसे क्या कहा जाए कि एक ओर चिकित्सा विज्ञान लगातार प्रगति कर रहा है, तो दूसरी ओर जीवन की स्वाभाविक लय लगातार टूट रही है। दरअसल समस्या केवल बीमारी नहीं है। समस्या यह है कि हमने सुविधा को ही विकास मान लिया है। हमने समय बचाने वाली मशीनें बनाईं, लेकिन अपने लिए समय नहीं बचा पाए। हमने श्रम कम किया, पर शरीर की सक्रियता छीन ली। हमने संचार के असंख्य साधन बना लिए, लेकिन संवाद खो दिया। हमने घरों को बड़ा बनाया, पर आँगन छोटे कर दिए। हम स्क्रीन के पहले कभी इतने जुड़े हुए नहीं थे और शायद भीतर से कभी इतने अकेले भी नहीं थे। विकास की इस यात्रा में हमने बहुत कुछ पाया, लेकिन शायद उससे अधिक कुछ खो भी दिया। आधुनिक उपभोक्तावादी व्यवस्था की सबसे बड़ी विशेषता यह नहीं कि वह वस्तुएँ बेचती है, उसकी सबसे बड़ी शक्ति यह है कि वह जीवन के सामान्य अनुभवों को भी असाधारण बना देती है। जिस आकाश के नीचे कभी बच्चे ध्रुव तारा पहचानते थे, आज वही स्टार बाथिंग है। जिस जंगल को भारतीय परंपरा ने तप और आत्मचिंतन का स्थान माना, वही आज वेलनेस अनुभव बन गया है। नतीजन वस्तुएँ नई नहीं हैं, उन्हें देखने का हमारा दृष्टिकोण बदल गया है। आधुनिक उपभोक्तावाद की सबसे बड़ी सफलता यही है कि उसने हमारी सबसे सामान्य आवश्यकताओं को भी विशेष अनुभव में बदल दिया। पहले स्वास्थ्य जीवन का परिणाम था, आज वह जीवन का प्रोजेक्ट बन गया है।

# आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन:भारत के डिजिटल स्वास्थ्य का आधार.........

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) ने विश्व की सबसे बड़ी डिजिटल स्वास्थ्य अवसंरचनाओं में से एक का निर्माण किया है। इसके अंतर्गत 104 करोड़ से ज्यादा स्वास्थ्य रिकॉर्ड 93 करोड़ से अधिक आभा खातों से जोड़े गए हैं। एबीडीएम ने कागजी कार्रवाई को खत्म कर और इंतजार के समय में कमी लाकर रोगियों को बीमाकर्ताओं, अस्पतालों और डॉक्टरों से एक एकीकृत नेटवर्क से जोड़ दिया है।

डिजिटल स्वास्थ्य अवसंरचना का निर्माण

भारत सबके लिए स्वास्थ्य सुविधा की ओर लगातार बढ़ रहा है, जहाँ हर कोई बिना किसी आर्थिक कठिनाई के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकता है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए एक मज़बूत डिजिटल आधार की ज़रूरत है। स्वास्थ्य सेवाओं को ज़्यादा आसान, कुशल और सुलभ बनाने के लिए एक मज़बूत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना अनिवार्य है। एक डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम:मरीज़ों के रिकॉर्ड को सुरक्षित रूप से रखने में मदद करता है। लोगों को स्वास्थ्य सेवा और बीमा प्रदाताओं से जोड़ता है। यह स्वास्थ्य रिकॉर्ड्स को आसानी से एक जगह से दूसरी जगह ले जाने की सुविधा देता है, जिससे नागरिक देश भर में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन से जुड़े किसी भी स्वास्थ्य केंद्र पर अपने स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड्स को सुरक्षित रूप से देख और शेयर कर सकते हैं। यह बिना पहचान वाले गोपनीय स्वास्थ्य डेटा तैयार करता है। इस डेटा का उपयोग स्वास्थ्य योजना और सेवा वितरण में सुधार करने के साथ-साथ भारत के उभरते हुए कृत्रिम मेधा (एआई) इकोसिस्टम को मज़बूत करने के लिए किया जा सकता है। इस तरह की अवसंरचना के होने से बीमारी पर नज़र रखने, निदान और स्वास्थ्य प्रबंधन के क्षेत्र में नए नवाचार की संभावना बनती है। इसे ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार ने एक एकीकृत और नागरिक-केंद्रित राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम विकसित करने के लिए सितंबर 2021 में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) की शुरुआत की।एक एबीडीएम-सक्षम सॉफ्टवेयर का उपयोग करके, स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते (आभा) से जुड़े डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड बना सकते हैं। इसके अलावा, वे मरीज की सहमति लेने के बाद उनके पिछले रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से देख सकते हैं और मरीज़ की ऐसी मंजूरी, जिसे कभी भी वापस लिया जा सके और जो एक तय समय के लिए हो, के ज़रिए डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड का आदान-प्रदान कर सकते हैं।'आभा' 'आधार' की तरह एक विशिष्ट पहचान है, जो लोगों को सुरक्षित रूप से व्यापक स्वास्थ्य प्रणाली से जोड़ता है। यह मरीजों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँचने में मदद करता है। वे इस एक अंतर-संचालनीय नेटवर्क के माध्यम से अपने पूरे मेडिकल इतिहास को सुरक्षित रखते हुए बीमा कंपनियों, स्वास्थ्य सुविधाओं, डॉक्टरों और अन्य सेवाओं से जुड़ सकते हैं। मई 2026 में हासिल की गई एक बड़ी उपलब्धि के तहत, अब 104 करोड़ से अधिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड 93 करोड़ से भी ज़्यादा 'आभा' खातों से जुड़ चुके हैं। यह एक व्यवस्थित डिजिटल सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र की दिशा में अहम प्रगति है। एबीडीएम: एक संपूर्ण डिजिटल स्वास्थ्य तंत्र'आभा' के अलावा, एबीडीएम एक पूर्ण रूप से विकसित डिजिटल स्वास्थ्य तंत्र है। यह मरीजों को उनके मेडिकल रिकॉर्ड से जोड़ता है, बीमा कंपनियों को अस्पतालों से जोड़ता है, और सभी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को एक ही नेटवर्क पर लाता है। आभा संख्या: 14 अंकों की एक विशिष्ट स्वास्थ्य पहचान या संख्या जो आपकी सहमति से विभिन्न अस्पतालों, लैब, बीमा कंपनियों और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में आपके सभी स्वास्थ्य रिकॉर्ड को जोड़ती है। स्वास्थ्य व्यावसायिक पंजीयन: देश के सभी स्वास्थ्य पेशेवर डॉक्टरों से लेकर आयुष चिकित्सकों तक का पंजीयन, जो सत्यापित होते हैं और डिजिटल रूप से जुड़े हुए हैं।

**स्वास्थ्य सुविधा रजिस्ट्री:** सभी सरकारी और निजी स्वास्थ्य सुविधाओं—जैसे अस्पतालों, क्लीनिकों, लैब और फ़ार्मेसियों का एक राष्ट्रीय पंजीकरण, जो सभी एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं।

**यूनिफाइड हेल्थ इंटरफेस:** स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक खुला नेटवर्क—जैसे स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए यूपीआई। इसके ज़रिए किसी भी ऐप से अपॉइंटमेंट बुक करें, डॉक्टरों से परामर्श लें और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का पता लगा सकते हैं।

**आरोग्य सेतु 2.0:** यह डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं और एक व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड (पीएचआर) के लिए एक एकीकृत माध्यम के रूप में कार्य करता है, जिससे देश भर में डिजिटल स्वास्थ्य को अपनाने की रफ़्तार को तेज़ किया जा रहा है।

आरोग्य सेतु 2.0मूल रूप से भारत के कोविड-19 ट्रेसिंग एप्लिकेशन (कोविड-19 संपर्क में आने वालों का पता लगाने वाला एप) के रूप में विकसित, आरोग्य सेतु को एबीडीएम के तहत नागरिकों के लिए एक व्यापक डिजिटल स्वास्थ्य एप्लिकेशन के रूप में बदल दिया गया है। यह डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं और एक व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड के लिए एक एकीकृत गेटवे के रूप में कार्य करता है, जो देश भर में डिजिटल स्वास्थ्य को अपनाने की गति को तेज़ कर रहा है। 'आरोग्य सेतु' 2.0 को 29 जून, 2026 को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा द्वारा एबीडीएम के तहत एक नए रूप और नागरिक-केंद्रित डिजिटल स्वास्थ्य एप्लिकेशन के रूप में शुरू किया गया था।

**मुख्य विशेषताएंएबीडीएम**-सक्षम सेवाओं तक पहुँच: इसमें 'आभा' आईडी बनाना, स्वास्थ्य रिकॉर्ड का प्रबंधन करना और बिना किसी परेशानी के डिजिटल पंजीकरण के लिए 'स्कैन और रजिस्टर' जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

**स्मार्ट रिपोट्र्स:** ये रिपोर्ट्स ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन (ओसीआर) तकनीक पर आधारित हैं, जो डिजिटल दस्तावेजों को आसानी से पढ़ सकती हैं।

**पारदर्शी कवरेज और क्लेम की जानकारी:** इसके तहत एनएचसीएक्स के माध्यम से आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना वॉलेट और निजी बीमा के विवरण को देखा जा सकता है।

**आपातकालीन देखभाल तक समय पर पहुँच:** पास की स्वास्थ्य सुविधाओं का पता लगा सकते हैं और आपातकालीन देखभाल तक समय पर पहुँच के लिए 'ई-रक्तकोष' के माध्यम से रक्त की वास्तविक समय पर उपलब्धता देख सकते हैं।

**एआई-संचालित स्वास्थ्य अंतर्दृष्टि:** बायोमार्कर और आरोग्य प्रवृत्तियों के विश्लेषण के लिए अपने अपलोड किए गए रिकॉर्ड को एबीडीएम से जुड़े डेटा के साथ जोड़कर एआई-आधारित स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। संबद्ध और सुलभ इलाज के लिए यूएचआई के माध्यम से टेलीकंसल्टेशन (ऑनलाइन डॉक्टर परामर्श) और अस्पताल जाकर दिखाने, दोनों तरह के अपॉइंटमेंट बुक करने की सुविधा।

मरीज अपने स्वास्थ्य की निर्बाध रूप से निगरानी और प्रबंधन कर सकेंगे; जिसमें एकीकृत वाइटल्स (शारीरिक संकेतकों), व्यक्तिगत रिमाइंडर्स, लक्ष्य ट्रैकिंग और चलने के कदम, कैलोरी, हृदय गति व ग्लूकोज के स्तर को ट्रैक करने के लिए वियरेबल डिवाइस (फिटनेस बैंड/स्मार्टवॉच) को मिलाने की सुविधा शामिल है।

खुद को सूचित रखने और स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए ब्लॉग, आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) सामग्री, वीडियो और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफ़एक्यू) सहित आरोग्य संबंधी जानकारी तक पहुँच शामिल है। एबीडीएम: ऑनलाइन अपॉइंटमेंट पंजीकरण के माध्यम से अस्पतालों में प्रतीक्षा के समय को कम करना भारतीय स्वास्थ्य प्रबंधन अनुसंधान संस्थान (आईआईएचएमआर) द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, 2022 में एबीडीएम के तहत शुरू की गई राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की 'स्कैन एंड शेयर' सेवा ने मोबाइल तकनीक और क्यूआर कोड का उपयोग करके बाह्य रोगी (ओपीडी) पंजीकरण को काफी सरल और सुव्यवस्थित बना दिया है। यह सेवा मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाओं में एक क्यूआर कोड स्कैन करके डिजिटल कतार टोकन जनरेट करने में सक्षम बनाती है, जिसमें उनके आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते (आभा) से जनसांख्यिकीय विवरण सुरक्षित रूप से प्राप्त कर लिए जाते हैं और उन्हें उस स्वास्थ्य सुविधा के स्वास्थ्य सूचना तंत्र के साथ एकीकृत कर दिया जाता है। आईआईएचएमआर के अध्ययन में पाया गया कि 'स्कैन एंड शेयर' सेवा ने मरीजों के प्रतीक्षा समय को लगभग एक घंटे से घटाकर मात्र 2 से 5 मिनट कर दिया है। देश भर की स्वास्थ्य सुविधाओं में 23.21 करोड़ से अधिक 'आभा' से जुड़े टोकन जारी किए गए (18 जून, 2026 तक की स्थिति के अनुसार)।सरकारी एजेंसियों, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और रोगी अधिकार समूहों के सहयोग से विकसित यह सेवा, डेटा सुरक्षा, गोपनीयता और अंतर-संचालनीयता के स्थापित मानकों का कड़ाई से पालन करती है। स्वास्थ्य पेशेवरों और सुविधाओं को एबीडीएम से जोड़नासभी स्वास्थ्य सुविधाएं—सरकारी और निजी एबीडीएम नेटवर्क में शामिल हो सकती हैं। इसमें अस्पताल, क्लिनिक, डायग्नोस्टिक प्रयोगशालाएं और इमेजिंग केंद्र, फार्मेसी आदि शामिल हैं। इस प्रणाली से जुड़ने के बाद, मरीज नेटवर्क के भीतर अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड को बिना किसी परेशानी के आपस में जोड़ सकते हैं। इस नेटवर्क से जुड़ने के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को प्रतिपूर्ति दी जाती है और उन्हें अधिक अनुभव भी मिलता है। इसकी पंजीकरण प्रक्रिया बेहद सरल है और यह एबीडीएम की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

स्वास्थ्य सुविधा रजिस्ट्री :स्वास्थ्य सुविधा रजिस्ट्री, एबीडीएम से जुड़ी सरकारी और निजी स्वास्थ्य सुविधाओं का एक व्यापक संग्रह है। एक बार जब कोई स्वास्थ्य सुविधा इसमें पंजीकृत हो जाती है, तो मरीज उसे 'आभा' ऐप पर आसानी से खोज सकते हैं। यदि वे इलाज के लिए उस सुविधा (अस्पताल/क्लिनिक) में जाते हैं, तो उनके स्वास्थ्य रिकॉर्ड स्वचालित रूप से लिंक हो जाते हैं और मरीज की सहमति से उन्हें साझा किया जा सकता है। यदि वह स्वास्थ्य सुविधा 'राष्ट्रीय स्वास्थ्य दावा विनिमय' (एनएचसीएक्स) का उपयोग करती है, तो बीमा कवरेज भी इससे जुड़ जाता है। यह पूरी प्रक्रिया को बेहद सरल बना देता है। किसी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता को खोजने और पहचान सत्यापित करने से लेकर बीमा दावों के निपटान और कतार के प्रबंधन तक।

**डिजिटल स्वास्थ्य प्रोत्साहन योजना:**अधिक से अधिक स्वास्थ्य सुविधाओं को एबीडीएम से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, सरकार 'डिजिटल स्वास्थ्य प्रोत्साहन योजना' चलाती है। स्वास्थ्य सुविधाओं को एबीडीएम इकोसिस्टम में शामिल होने के लिए इन माध्यमों से प्रोत्साहित किया जाता है: सभी भागीदार स्वास्थ्य सुविधाओं को डिजिटलीकरण पर आने वाले खर्च की प्रतिपूर्ति दी जाती है। मरीज के संपूर्ण स्वास्थ्य रिकॉर्ड को बिना किसी रुकावट के देखा जा सकता है, जिससे प्रशासनिक कार्य अधिक आसान हो जाता है। अस्पताल और डिजिटल समाधान कंपनियाँ आपस में साझा किए जा सकने वाले डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड बनाने के लिए नकद प्रोत्साहन पाते हैं। डीएचआईएस के ज़रिए सार्वजनिक और निजी, दोनों क्षेत्रों की कंपनियों को प्रोत्साहित किया जाता है।




कौन पात्र है?सभी स्वास्थ्य केंद्र जैसे कि क्लिनिक, नर्सिंग होम और अस्पताल, लैबोरेटरी /रेडियोलॉजी डायग्नोस्टिक सेंटर और फ़ार्मेसी एबीडीएम-सक्षम डिजिटल समाधान देने वाली संस्थाएं (डिजिटल समाधान कंपनियां)। इस योजना के तहत भुगतान की गई राशि (18 जून, 2026 तक):

अस्पताल: 107+ करोड़ रुपये

डायग्नोस्टिक्स/लैब/फ़ार्मेसी: 2.95 करोड़ रुपये

डिजिटल समाधान कंपनियाँ: 26+ करोड़ रुपये

एबीडीएम स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक कुशल बना रहा है डॉ. प्रवीन सिक्का ने गुरुग्राम स्थित अपनी फार्मेसी (दवा की दुकान) को एबीडीएम पर पंजीकृत किया, जिसमें लगभग 2 घंटे का समय लगा। उनका कहना है कि अब मरीज 'आभा' ऐप के माध्यम से अपने सभी स्वास्थ्य रिकॉर्ड एक ही स्थान पर सुरक्षित रख सकते हैं और उन तक पहुँच सकते हैं। डॉ. सिक्का को भी इससे सीधा लाभ मिल रहा है, डीएचआईएस प्रोत्साहन योजना के तहत, एबीडीएम से लिंक होने वाले प्रत्येक स्वास्थ्य रिकॉर्ड के लिए उनकी फार्मेसी को वित्तीय प्रोत्साहन मिलता है। ई-सुश्रुतञ्चक्लिनिक हॉस्पिटल प्रबंधन सूचना प्रणाली:जहाँ डॉ. सिक्का की फार्मेसी जैसी पहलकदमियां यह दर्शाती हैं कि कैसे व्यक्तिगत स्वास्थ्य सुविधाएं एबीडीएम के तहत डिजिटल स्वास्थ्य समाधानों को अपना रही हैं, वहीं सरकार ने छोटे क्लीनिकों के डिजिटलीकरण को सहायता देने के लिए एक विशेष समाधान भी पेश किया है। जून में शुरू किया गया 'ई-सुश्रुतञ्चक्लिनिक' एक प्लग-एंड-प्ले (तुरंत इस्तेमाल के योग्य) और आसान हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) है, जिसे सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डेक) द्वारा विकसित किया गया है। यह प्लेटफॉर्म छोटे क्लीनिकों को एक किफायती और मानकीकृत तरीके से मरीजों के रिकॉर्ड डिजिटलीकरण और दैनिक प्रशासनिक कार्यों को सरल व सुव्यवस्थित करने में सक्षम बनाता है। यह प्रणाली मरीज पंजीकरण, बिलिंग और रिपोर्टिंग सहित प्रमुख परिचालन प्रक्रियाओं को स्वचालित करती है। इस प्लेटफॉर्म तक पहुँच केवल तभी दी जाती है जब 'हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स रजिस्ट्री' (एचपीआर) और 'हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री' (एचएफआर) के माध्यम से स्वास्थ्य पेशेवरों और सुविधाओं का सत्यापन पूरा हो जाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि केवल सत्यापित प्रदाता ही इस प्लेटफॉर्म का उपयोग कर सकें।अब तक 2,200 से अधिक स्वास्थ्य सुविधाओं को इस प्लेटफॉर्म से जोड़ा जा चुका है, जिसके माध्यम से 1,633 से अधिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड तैयार किए गए हैं। जहाँ 'ई-सुश्रुतञ्चक्लिनिक' छोटे स्वास्थ्य केंद्रों में रिकॉर्ड को डिजिटल बनाने के लिए एक मानकीकृत फ्रेमवर्क प्रदान करता है, वहीं अगला महत्वपूर्ण कदम यह सुनिश्चित करना है कि ये डिजिटल रिकॉर्ड व्यापक स्वास्थ्य वित्तपोषण और बीमा तंत्र के साथ बिना किसी रुकावट के एकीकृत हो सकें। बीमा प्रदाताओं के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य दावा विनिमय (एनएचसीएक्स)'आभा' न केवल मरीजों को उनके स्वास्थ्य डेटा को सुरक्षित रखने और साझा करने में मदद करता है, बल्कि यह उनके स्वास्थ्य बीमा दावों के निपटान की प्रक्रिया को भी सरल और सुव्यवस्थित बनाता है। भारत में बढ़ते स्वास्थ्य बीमा दावों को देखते हुए, राष्ट्रीय स्वास्थ्य दावा विनिमय (एनएचसीएक्स) दावों के निपटान की उबाऊ और थकाऊ अवधि की जगह मरीजों के लिए एक मददगार समाधान साबित हो सकता है। यह दावों की प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित और गैर-संचारी रोगों से पीड़ित उन मरीजों के अनुकूल भी बना सकता है, जिन्हें नियमित और निरंतर इलाज की आवश्यकता होती है। एनएचसीएक्स भुगतानकर्ताओं, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, लाभार्थियों, नियामकों और पर्यवेक्षकों के बीच दावों से संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए एक डिजिटल मार्ग बनाता है। इस प्रणाली के कई लाभ हैं:यह निर्णयों में तेजी लाती है, अस्पताल से छुट्टी मिलने के समय को कम करती है, और अस्पताल के प्रशासनिक खर्चों में कटौती करती है।

**इसके परिणामस्वरूप बीमा दावों का निपटान अधिक तेजी से होता है।**

मरीज़ अपने फ़ायदे, मेडिकल हिस्ट्री और मिलने वाली सुविधाओं को एक ही जगह पर देख सकते हैं। स्वास्थ्य सेवा प्रदाता (डॉक्टर/अस्पताल) मरीज की सहमति से उसके इलाज का पूरा इतिहास देख सकते हैं, जिससे बार-बार एक जैसे टेस्ट कराने की जरूरत नहीं पड़ती और इलाज से जुड़े फ़ैसले बेहतर होते हैं।

**बीमा कंपनियाँ बेहतर फ़ैसले ले सकती हैं और नए बीमा कर सकती हैं।**

चूंकि मरीज एक ही प्लेटफॉर्म पर अपने हर दावे को ट्रैक कर सकते हैं, इसलिए उनकी आर्थिक सुरक्षा, योजना और सेहत से जुड़े नतीजों में सुधार होता है। एकीकृत स्वास्थ्य इंटरफ़ेस (यूएचआई)परंपरागत रूप से, मरीज़ और स्वास्थ्य सेवा प्रदाता तभी आपस में बातचीत कर सकते थे जब वे एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर रहे हों। यूएचआई इस बाधा को दूर करता है, जिससे यूएचआई-सक्षम एप्लिकेशन का उपयोग करने वाला कोई भी मरीज़, प्रदाता द्वारा उपयोग किए जा रहे एप्लिकेशन की परवाह किए बिना, किसी भी सत्यापित स्वास्थ्य सेवा प्रदाता को खोज सकता है, उससे जुड़ सकता है और उसके साथ लेन-देन कर सकता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) द्वारा संचालित एक सामान्य गेटवे के माध्यम से अनुरोध भेजे जाते हैं, जो मरीज़ों को उनके 'आभा' विवरण का उपयोग करके प्रमाणित करता है, जबकि स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और सुविधाओं का सत्यापन एचपीआर और एचएफआर रजिस्टरों के माध्यम से किया जाता है।

यूएचआई चार सिद्धांतों पर बनाया गया है:

अंतरसंचालनीयताकिसी भी आकार के प्रदाताओं के लिए उचित खोज योग्यता

केवल प्रमाणित डॉक्टरों और सुविधाओं का सत्यापन ऐसे खुले नियम और तकनीकी मानक, जिन पर कोई भी डेवलपर नया एप्लिकेशन बना सके। यूएचआई प्लेटफॉर्म पर वर्तमान में पांच सेवाएं उपलब्ध हैं:

ब्लड बैंक की खोजपीएम जन आरोग्य योजना के तहत अस्पतालों की खोज — यह योजना समाज के गरीब तबके को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा प्रदान करती है। जन औषधि केंद्रों की खोज — ये ऐसे केंद्र हैं जहां जेनेरिक दवाएं बाजार मूल्य से 50-90त्न तक कम कीमतों पर उपलब्ध होती हैं।

एम्बुलेंस बुकिंग

डॉक्टर से परामर्श

इन रोजमर्रा के कामों को आसान करने के अलावा, यूएचआई का एक बहुत बड़ा उद्देश्य और भी है। यह एबीडीएम में उत्पन्न डेटा का उपयोग सार्वजनिक स्वास्थ्य अनुसंधान और नीति को सशक्त बनाने के लिए करता है। भारत के सार्वजनिक स्वास्थ्य डेटा और एआई अभियान का केंद्र बिंदु है एबीडीएम 'आभा' और इससे जुड़े स्वास्थ्य रिकॉर्ड सार्वजनिक स्वास्थ्य अनुसंधान और नीति निर्धारण के लिए तेजी से एक मूल्यवान संसाधन के रूप में उभर रहे हैं। एबीडीएम पर मौजूद स्वास्थ्य डेटा पूरी तरह से गोपनीय होता है। यह डेटा सरकार को बीमारियों के फैलने का पता लगाने, सार्वजनिक स्वास्थ्य के रुझानों की निगरानी करने और अधिक सटीक व लक्षित स्वास्थ्य कार्यक्रम तैयार करने में भी मदद करता है।

गोपनीयता पर आधारित संरचनाजब मरीज एबीडीएम पर अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड अपलोड करते हैं, तो वह डेटा उसी के पास रहता है जिसने उसे तैयार किया है — जैसे कि संबंधित अस्पताल, लैब या बीमा कंपनी। इस पूरे डेटा को सुरक्षित रखने के लिए केंद्र सरकार का कोई केंद्रीय सर्वर नहीं है। रिकॉर्ड केवल तभी एबीडीएम नेटवर्क के भीतर साझा किए जाते हैं जब मरीज इसके लिए अपनी सहमति देता है।

ऐप्स और प्लेटफॉर्म सीधे एबीडीएम से नहीं जुड़ सकते। प्रत्येक नए ऐप को सबसे पहले एक सैंडबॉक्स में परखा जाना अनिवार्य है, जो कि वास्तविक सिस्टम का एक सुरक्षित और सिम्युलेटेड (काल्पनिक) संस्करण होता है। इसके साथ ही, लाइव होने से पहले ऐप को एक सुरक्षा ऑडिट से भी गुजरना पड़ता है। यह ऑडिट यह जांच करता है कि ऐप मरीजों के डेटा को कैसे संभालता है और उसकी सुरक्षा कैसे करता है।

स्वास्थ्य सेवा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को एकीकृत करने के लिए भी यह डेटा बेहद महत्वपूर्ण है। फरवरी 2026 में, सरकार ने 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में 'साही' (एसएएचआई)-भारत के लिए स्वास्थ्य सेवा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की रणनीति) और 'बोध' (बीओडीएच)-स्वास्थ्य एआई के लिए बेंचमार्किंग ओपन डेटा प्लेटफॉर्म) को शुरू किया। एसएएचआई 'साही'- नैतिकता , जवाबदेही, सुरक्षा और सहयोग पर एक व्यवस्थित मार्गदर्शन प्रदान करता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि स्वास्थ्य सेवा में एआई का उपयोग पारदर्शी, समावेशी और जन-केंद्रित बना रहे। बीओडीएच 'बोध'- एक सुरक्षित और संबद्ध इकोसिस्टम है, जहाँ डेवलपर्स मरीजों के मूल डेटा को देखे बिना ऑन-साइट ही अपने एआई मॉडल को प्रशिक्षित कर सकते हैं और पूर्ण गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए केवल परिष्कृत मॉडल वेट्स को ही वापस भेजते हैं। ये सभी मिलकर भारत की उस प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, जिसका लक्ष्य एक भरोसेमंद, समावेशी और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी स्वास्थ्य एआई इकोसिस्टम बनाना है — एक ऐसा इकोसिस्टम जो नवाचार, ज़िम्मेदारी और जनता के भरोसे पर आधारित हो। डिजिटलीकरण के माध्यम से सबके लिए स्वास्थ्य सेवाएबीडीएम दुनिया के सबसे महत्वाकांक्षी और सफल डिजिटल स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक है। यह पहले से ही परिणाम दे रहा है। लाखों मरीजों के लिए प्रतीक्षा समय कम हुआ, कागज़ रहित रिकॉर्ड, दावों का तेज़ी से निपटान और स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुँच देखी गई। 93 करोड़ से अधिक 'आभा' खातों से जुड़े 104 करोड़ से अधिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड के साथ, एबीडीएम ने समय के साथ मरीजों के विस्तृत और डिजिटल मेडिकल इतिहास को तैयार करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव हासिल कर लिया है। सरकार का लक्ष्य भारत भर के सभी मरीजों और स्वास्थ्य सुविधाएँ देने के लिए एबीडीएम नेटवर्क का विस्तार करना है, ताकि हर नागरिक के लिए पूरी तरह से डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड का लक्ष्य हासिल किया जा सके।

## मुनि श्री जयंत सागर जी व मुनि श्री सिद्ध सागर महाराज जी के सानिध्य में विशेष पूजा-अर्चना कार्यक्रम

**कोल्हापूर (महाराष्ट्र) (विश्व परिवार)।** राष्ट्रसंत गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी महाराज का द्वितीय समाधि स्मृति दिवस 4 जुलाई 2026 को कोल्हापूर में मुनि श्री सारस्वत सागर जी महाराज, मुनि श्री जयंत सागर जी महाराज एवं मुनि श्री सिद्ध सागर महाराज जी के सानिध्य में श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना और गुरु भक्ति जैसे कार्यक्रम हुए।



पट्टाचार्य विशुद्ध सागर महाराज जी के शिष्य मुनि श्री सारस्वत सागर जी महाराज, मुनि श्री जयंत सागर जी महाराज एवं मुनि श्री सिद्ध सागर महाराज जी ने अपने प्रवचन राष्ट्रसंत गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी महाराज के समाधि के पूर्व प्रसंग बताकर सभी भावूक हो गये। कार्यक्रम के लिए मीनाक्षी नकाते, शैला पाटील, शिल्पा पाटील, राजश्री पाटील, कांचन मुरचिट्टे, प्रतिभा आळतेकर, नंदिनी कमते, रेश्मा शहा, वंदना नाईक, सुषमा कारंडे, अनघा सांगरुळकर,कविता बड्डे, सुजाता किणे,जयश्री गाट,सुजाता रोटे,जयश्री पाटील,दामिनी जैन, सोनाली उपाध्ये,विक्रांत नाईक, ब्रम्हकिरण उपाध्ये, विपुल जैन,सुमित ओसवाल, विद्याधर खोत, भूषण कावळे, अभिषेक पाटील उपस्थित थे।

**आचार्य श्री विराग सागर महाराज जी के बारे में कुछ खास बाते -**

दिगंबर जैनाचार्य प. पू. आदिसागर जी महाराज 'अंकलीकर', उनके शिष्य आचार्य श्री महावीरकीर्ति जी महाराज, उनके शिष्य आचार्य श्री विमलसागर जी महाराज, उनके शिष्य आचार्य श्री सन्मतिसागर जी महाराज 'फफ्रोतू' तथा आचार्य श्री विरागसागर जी महाराज कि परंपरा में आचार्य प्रवर श्री विशुद्धसागर जी महाराज अत्यंत प्रेरणास्पद हैं।

आचार्य श्री विरागसागर जी महाराज का जन्म 2 मई 1963 को दमोह जिले के पथरिया में हुआ था। इनके पिता का नाम कपूरचंद जी और माता का नाम श्यामादेवी था। बचपन में उनका नाम अरविंद था।

2 जून 1980 को मध्यप्रदेश कि धार्मिक नगरी बुढार में तपस्वी सम्राट आचार्य श्री सन्मतिसागर जी महाराज (फफोतू) के करकमलों से क्षुल्लक दिक्षा ग्रहण कर क्षुल्लक श्री पूर्णसागर जी बन गए।

पश्चात औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में दिनांक 1 दिसम्बर 1983 को आचार्य श्री विमलसागर जी महाराज से मुंनी दिक्षा ग्रहण की आचार्य श्री विमलसागर जी महाराज एवं आचार्य श्री सन्मतिसागर जी महाराज कि अनुमती से दिनांक 8 नवम्बर 1992 को सिद्धक्षेत्र द्रोणागिरी (म. प्र.) में चतुर्विध संघ द्वारा आपको आचार्य पद प्रदान किया गया। आचार्य विरागसागर महाराज जी ने 227 शिष्यों को दिक्षा दी हैं। जो संपूर्ण भारतवर्ष में धर्म की भारी प्रभावना कर रहे हैं।

**सिद्धबाबा परम भक्त श्री अभिषेक अशोक पाटील, कोल्हापुर महाराष्ट्र**

## जीने का सबसे सरल उपाय है, देखो, जानो और जाने दो : अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज

■ सुख-दुःख, स्वर्ग-नरक की बातें बाद में..पहले यह जानो कि जीना कैसे है..?

**औरंगाबाद (विश्व परिवार)।** अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज एवं उपाध्याय पियूष सागरजी महाराज ससंघ की अहिंसा संस्कार पदयात्रा दिक्षा भुमी परतापुर बांसवाड़ा से पुष्पगिरी की और अंतिम चरण में चल रही है उसी श्रुंखला में अपने प्रवचन के माध्यम से उपस्थित गुरु भक्तों को संबोधित करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि मैं देख रहा हूं, आज का आदमी चलते-फिरते दुःख और चिंताएँ बाहर से बटोरकर अपने साथ ले आता है, जिनसे उसका कोई वास्तविक संबंध भी नहीं होता। जैसे - कोई कुछ कह दे, तो वह भीतर से दुःखी हो जाता है।कहीं कोई घटना घट जाए, तो उसमें खो जाता है।बाजार ऊपर-नीचे हो जाये, तो परेशान हो जाता है। आदमी हर घटना को खुद से जोड़ लेता है । यही वजह है कि वह



मन की शान्ति, चेहरे की प्रसन्नता को खो देता है। कोई गुस्सा करे, तो वह स्वयं गुस्से में बदल जाता है। किसी रिश्तेदारी में जाए और किसी ने पूछा नहीं, तो रिश्ते अहंकार बन जाते हैं। आदमी हर क्रिया की प्रतिक्रिया में उलझ रहा है। एक शिष्य अपने गुरू के पास गया। वह बहुत गुस्से में था। गुरू से कहा - लोग मुझे गुस्सा दिलाते हैं, मैं क्या करूं- ? गुरु उसे नदी के किनारे ले गए। उन्होंने पानी में तैरते हुए कुछ सूखे पत्तों की ओर इशारा किया। पत्ते बहते जा रहे थे, नदी उन्हें अपने साथ ले जा रही थी। गुरु ने कहा - देखो बेटा, यह पत्ते बहते जा रहे हैं। गुरू ने एक पत्थर उठाया और पानी में डाला, पत्थर मैं-मैं डूब गया। गुरु बोले - देखो बेटा, पत्ता इसलिए बह रहा था क्योंकि वह हल्का था, और पत्थर इसलिए डूब गया क्योंकि वह भारी था। फिर गुरू ने शिष्य से कहा - अगर तुम हर बात को अपने भीतर पकड़ कर बैठ जाओगे, तो तुम भी पत्थर की तरह भारी हो जाओगे, और दुःखो के सागर में डूब जाओगे। इसलिए जीवन जीना है तो देखो - जानो और जाने दो। तुम भी पत्ते की तरह हल्के होकर जीवन जीओ।

साक्षी भाव का अर्थ है - देखो - जानो और जाने दो। किसी भी पर-वस्तु में उलझना नहीं। पर-वस्तु को अपना मानना नहीं। यह संसार है, घटनाएं घटेंगी, लोग आएंगे, गुस्सा दिलाएंगे, और अपने ही लोग अपना अपमान भी करेंगे। किन्तु तुम भीतर से शांत रहो। जिस दिन तुम भीतर से शान्त हो जाओगे, उसी दिन से देखो - जानो और जाने दो को आत्मसात कर लोगे। जिस दिन तुम इस बात को आत्मसात कर लोगे, उसी दिन से तुम्हारी जिन्दगी बदल जाएगी, और घर परिवार स्वर्ग हो जाएगा... अंतर्मना-अहिंसा-संस्कार पदयात्रा दिशा-सोनकच्छ, पुष्पगिरी तीर्थ मध्यप्रदेश की ओर बढते गुरु चरण परम पूज्य गुरुदेव भारत गोरव विश्व के सर्वश्रेष्ठ तपस्वी उत्तम सिंह निष्क्रिडित व्रत्तकर्ता अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्नसागरजी महाराज जी चतुर्विघ संघ का भव्य मंगल पद विहार दिनाँक 4 जुलाई 2026, शनिवार, शाम को 4.00 बजे सेंट द्रोण कान्वेंट हाई सेकेण्डरी स्कूल, टोंकखुर्द, जिला-देवास मध्यप्रदेश से चामुंडा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, देवेली, जिला देवास मध्यप्रदेश 10 किलोमीटर के लिए होगा।

## सर्वोदय शांति पद यात्रा रायपुर पहुंची, विधान सभा अध्यक्ष रमन सिंह ने किया सम्मान

**रायपुर (विश्व परिवार)।** सर्वोदय शांति पद यात्रा गोरखपुर, बनारस, जबलपुर, कवर्धा विचरण करते हुए रायपुर छत्तीसगढ पंहुच चुकी है।यह यात्रा का उद्देश्य हर धर्म के मानने वाले अंहिसा मय जीवन कैसे जीना ,और इस मनुष्य भव का सदुपयोग ज्यादा से ज्यादा जीवन मे धर्म ध्यान, तप, त्याग, तपस्या,हो।आज सर्वोदय शांति यात्रा के संयोजक मणीभद्र मुनिजी म,सा,एवं श्री श्रमण संघ रायपुर के अध्यक्ष अशोक जी पटवा के नेतृत्व मे,विधान सभा अध्यक्ष रमन सिंह जी से सौजन्य मुलाकात हुई। डॉ,श्री मणीभद्र मुनि जी एवं रमन सिंह सा के बीच आधात्मिक धर्म चर्चा हुई।श्री मणीभद्र मुनि म,सा,ने कबीरधाम के बारे मे जानकारी ली, ।श्री रमन सिंह जी ने कहा



छ,ग,जैन धर्म एवं सनातन धर्म का गढ़ है,यहॉ 1700,1800, ईश्वी पूर्व के अवशेष मूर्ति,और हस्त लिपि कांस्य पत्र, सिक्के,आदि पुरातत्व विभाग मे सुरक्षित है और समय समय पर पुरातत्व विभाग जगह जगह पर सर्वेक्षण करता रहता है, ।श्री रमन सिंह जी ने अपनी इच्छा व्यक्त की ,इस पर समाज को पी,एच,डी,करना चाहिए। मुनि श्री कठिन तपस्या के साथ 1700 कि,मी,की पदयात्रा के साथ रायपुर पहुंचे,है यह सुनकर प्रसन्नता व्यक्त की।श्री विधान सभा अध्यक्ष श्री रमन सिंह जी ने संतो को शाल ओढ़ाकर उनका ससम्मान किया एवं साथ ही 32 वर्ष से लगातार मासखमण (31उपवास)के तपस्वी भाई विजय संचेती का भी शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। श्री मणीभद्र मुनि जी ने रमन सिंह जी को रूद्राक्ष की माला पहनाकर सम्मान किया।संघ अध्यक्ष श्री अशोक पटवा आदि पदाधिकारियों ने आ, रमन सिंह सा,को शाल ओढ़ाकर, माला पहनाकर एवं जैन ग्रंथ उपहार स्वरूप भेंट किए।

## अमरकंटक यात्रा : दर्शन, पूजन, औषधीय पौधों का रोपण सम्पन्न



**जबलपुर (विश्व परिवार)।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर 'नगर' द्वारा 70 दम्पति सदस्यों को अमरकंटक स्थित, आचार्य श्री द्वारा प्रतिष्ठित लाल पत्थरों से निर्मित बड़े बाबा भगवान आदिनाथ के मंदिर जी में अभिषेक पूजन सम्पन्न करवाया गया, अमरकंटक में वर्षायोग हेतु विराजित पूज्य 105 आर्यिका माताजी द्वारा मंदिर जी में शांति धारा पढ़ी गई,उपस्थित सारे सदस्यों ने बड़े ही मनोयोग से बड़ेबाबा का अभिषेक पूजन, दान आदि कर असीम आनंद का अनुभव करते हुए अपने चिर संचित कर्मों की निर्जरा की,मंदिर के सामने बने सहत्रफणी जिनालय के दर्शन किए। ग्रुप दंपति सदस्य बरसात की पड़ती फुहारों के बीच घोषित स्थानीय पर्यटन स्थल माँई की बगिया, कपिल धारा, दूध धारा, सोन भद्र उदगम, माँ नर्मदा के उदगम स्थल एवं सोन भद्र संगम का भरपूर आनंद लिया, चौधरी संजय जैन ने बतलाया कि ग्रुप द्वारा मंदिर जी में पूजन हेतु धोती पिच्छोरा दान दिए गए। फेडरेशन के आव्हान पर पर्यावरण सप्ताह अंतर्गत औषधीय पौधो का भी रोपण किया गया।

## भिलाई इस्पात संयंत्र में पद्म विभूषण तीजन बाई को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**भिलाई (विश्व परिवार)।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) द्वारा विश्वविख्यात पंडवानी गायिका, पद्म विभूषण से अलंकृत लोककला की अप्रतिम साधिका तथा संयंत्र की पूर्व कर्मी तीजन बाई की स्मृति में इस्पात भवन के सभागार में एक भावभीनी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस गरिमामयी सभा में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दिवंगत लोक कलाकार को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भारतीय लोकसंस्कृति तथा पंडवानी परंपरा के संरक्षण और संवर्धन में उनके अतुलनीय योगदान को अत्यंत आदर के साथ स्मरण किया। इस शोक सभा में मुख्य रूप से कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री पवन



कुमार, महाप्रबंधक प्रभारी (संपर्क, प्रशासन एवं जनसंपर्क) श्री अमूल्य प्रियदर्शी, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री संजय द्विवेदी सहित क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं, संपर्क, प्रशासन एवं जनसंपर्क तथा मानव संसाधन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री पवन कुमार ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि तीजन बाई ने अपनी अद्भुत प्रतिभा, ओजस्वी प्रस्तुति और विशिष्ट पंडवानी शैली के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोककला को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाई। महाभारत की कथाओं को अपनी जीवंत कला से प्रस्तुत करने वाली तीजन बाई की कला सदैव अमर रहेगी और उनका अवसान भिलाई इस्पात संयंत्र परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

## 11 हजार दिव्यांगजनों को स्वरोजगार के लिए मिलेगा ऋण : लोकेश कवाड़िया

**रायपुर, (विश्व परिवार)।** प्रदेश के दिव्यांगजनों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। निगम द्वारा प्रदेश के 11 हजार दिव्यांगजनों को स्वरोजगार हेतु ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष श्री लोकेश कवाड़िया ने आज राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम (NDFDC) से अधिकृत विभिन्न बैंकों के



प्रतिनिधियों की बैठक लेकर स्वरोजगार ऋण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की।

बैठक को संबोधित करते हुए श्री कवाड़िया ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें प्रदेश की आर्थिक प्रगति का सहभागी बनाना है। उन्होंने कहा कि केवल ऋण उपलब्ध कराना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि लाभार्थियों को सफल उद्यमी बनाना भी निगम की प्राथमिकता है।

उन्होंने बताया कि अब स्वरोजगार ऋण प्राप्त करने वाले प्रत्येक हितग्राही के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण अनिवार्य होगा। निगम द्वारा स्थापित किए जा रहे प्रशिक्षण केंद्रों में तकनीकी कौशल के साथ-साथ वित्तीय प्रबंधन, उद्यमिता विकास एवं व्यवसाय संचालन का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिससे लाभार्थी अपने व्यवसाय का सफल संचालन कर सकें ।

## कुम्हारी टोल प्लाज़ा बंद होने का दावा झूठा निकला : वन्दना

**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता वन्दना राजपूत ने कुम्हारी टोल प्लाजा में अवैध वसूली को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए



कहा रायपुर सांसद ने जून 2026 को कुम्हारी टोल प्लाज़ा को बंद होने का दावा किया था हर दावे की तरह यह दावा भी खोखला निकला. कुम्हारी टोल प्लाज़ा के बंद होने की ख़बर का खूब प्रचार प्रसार किया गया था बकायदा मैं पोस्ट करते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कुम्हारी टोल प्लाज़ा के बंद होने की घोषणा को लेकर प्रधानमंत्री एवं परिवहन मंत्री का आभार भी जताया गया था। अब तक तो जनता को झूठा आश्वासन देते थे लेकिन अब भाजपा के सांसद को भी ठगा गया है या कोई मिलीभगत है।

प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता वन्दना राजपूत ने कहा कि भाजपा की राजनीति अब केवल घोषणाओं, सोशल मीडिया पोस्ट और श्रेय लेने तक सीमित रह गई है। जनता जानना चाहती है कि जब टोल प्लाजा आज भी चालू है और लोगों से टोल वसूला जा रहा है,केवल भविष्य की घोषणा कर जनता को भ्रमित करना और उसका राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करना भाजपा की पुरानी आदत बन चुकी है।

## जिले में अब तक 245.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 6 जुलाई 2026 तक 245.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील टुण्डरा में 386 मिमी, बलौदाबाजार में 277 मिमी, भाटापारा में 241.1 मिमी, कसडोल 235.4 मिमी,लवन 232.4 मिमी, पलारी में 229.7 मिमी, सिमगा में 216.5 मिमी, सोनाखान 197.9 मिमी एवं सुहेला 194 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## गायत्री नगर में 13वें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ जी का मोक्ष कल्याणक मनाया

**जयपुर (विश्व परिवार)।** श्री दिगंबर जैन मंदिर प्रबंध समिति के तत्वावधान में 6 जून को प्रात: 6:15 बजे प्रथम अभिषेक, शांति धारा करने का सोभाग्य सोधर्म इंद्र बनकर अशोक मनीष बडजात्या परिवार को प्राप्त हुआ, तत्पश्चात 13वें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ जी का मोक्ष कल्याणक बडे ही धूम धाम व भक्ति के साथ मनाया।



मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष अरुण शाह ने अवगत कराया कि गायत्री नगर में प्रत्येक तीर्थंकरों का मोक्ष कल्याण धूमधाम से मनाया जाता है, इसी श्रंखला में 13 वें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ जी का मोक्ष कल्याणक के अवसर पर सोधर्म इंद्र परिवार ने सामूहिक रूप से निर्वाण लाडू चढाया। युवा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने बताया कि निर्वाण लाडू के पश्चात उपस्थित श्रेष्ठियों, समाज के गणमान महानुभाव, महिला - पुरूषों ने सामुहिक आरती की।

इस अवसर पर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सोधर्म इन्द्र परिवार का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। समस्त मांगलिक क्रियाएं विधानाचार्य पं. अजीत जी शास्त्री द्वारा संपन्न कराई गई, मंदिर प्रबन्ध समिति ने उनके जन्मदिन पर तिलक, माला, दुपट्टा, पगडी पहनाकर हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया।

मोक्ष कल्याणक के अवसर वरिष्ट एडवोकेट विमल जैन, पूर्व अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा, मंत्री राजेश बोहरा, संयुक्त मंत्री संजय ठोलिया, कोषाध्यक्ष राकेश छाबडा, सारसमल झांझरी, राकेश पाटोदी, बसन्त बाकलीवाल, सन्तोष गंगवाल, दीपेश छावड़ा संतोष वांसकोवाले, अशोक रावका, अशोक मालपुरा वाले, आदि श्रेष्ठियों के साथ सैंकडों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित होकर लड्डू चढ़ाया। सभा का संचालन व सभी का आभार व्यक्त किया अरूण शाह द्वारा किया गया।

## रोजगार मेला का आयोजन कल

**रायपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 08 जुलाई 2026 को शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक कॉलेज, बैरन बाजार, रायपुर में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। उप संचालक डॉ. शशीकला अतुलकर ने बताया कि रोजगार मेले में स्क्वेयर बिजनेस सर्विसेस प्रा.लि., टक्नोटास्क बिजनेस सॉल्यूशन्स प्रा.लि., डब्ल्यूआईओ एनर्जी प्रा.लि., यूनीक सॉल्यूशन प्रा.लि. कंपनियां शामिल होंगी। इन कंपनियों द्वारा 10वीं, 12वीं, स्नातक, बी.बी.ए., डिप्लोमा इन कंप्यूटर आदि के उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए 338 से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी।


कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /32964/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 06-07-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 32964**
**वार्ड का नाम- 21 - शहीद भगतसिंह वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 21 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR813E00267** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **POULOSE M. O.** पिता/पति, श्री/श्रीमती **M.V. OUSEPH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SEEMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MUKESH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /32831/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 06-07-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 32831**
**वार्ड का नाम- 21 - शहीद भगतसिंह वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 21 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR813A00244** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NAROTTAM YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KUVAR YADAV** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **HEMANT YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHRI NAROTTAM YADAV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /32900/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 06-07-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 32900**
**वार्ड का नाम- 21 - शहीद भगतसिंह वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 21 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR813A0244A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NAROTTAM YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KUVAR YADAV** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MOOLCHAND YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE NAROTTAM YADAV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ .... / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /32902/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 06-07-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 32902**
**वार्ड का नाम- 21 - शहीद भगतसिंह वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 21 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR813A0244B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NAROTTAM YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KUVAR YADAV** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **PANCHO YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE MANOJ YADAV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **BATWARA NAMAA** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

## संक्षिप्त समाचार

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधानों के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ित एक परिवार के लिए चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जिसके तहत बास्तानार तहसील के ग्राम कुम्हार साडरा निवासी 68 वर्षीय छूटी यादव पिता स्वर्गीय बोटी यादव की स्थानीय नाले के पानी में डूबने के कारण असामयिक मृत्यु हो गई थी। स्वीकृत अनुदान सहायता राशि मृतक की धर्मपत्नी एवं वैध वारिस श्रीमती सोनादई को प्रदान की जाएगी। स्वीकृत अनुदान राशि का भुगतान सीधे हितग्राही के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से अंतरित किए जाने के निर्देश तहसीलदार बास्तानार को दिए गए हैं।

### कोंडागांव में पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे 110 युवाओं को मिले ट्रैक सूट और स्पोर्ट्स शूज, विधायक लता उसेंडी ने किया वितरण

**कोंडागांव।** पुलिस एवं सुरक्षा बलों में भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से कोंडागांव के रक्षित केंद्र में नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 110 अभ्यर्थियों को ट्रैक सूट और स्पोर्ट्स शूज वितरित किए गए। सामग्री का वितरण विधायक लता उसेंडी ने किया। रक्षित केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष नरपति पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष मनोज जैन, पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा, जिला खेल अधिकारी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक लता उसेंडी ने कहा कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। यदि उन्हें सही मार्गदर्शन, नियमित प्रशिक्षण और आवश्यक संसाधन मिलें तो वे पुलिस, सेना और अन्य सुरक्षा बलों में चयनित होकर प्रदेश और जिले का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं से अनुशासन, मेहनत और निरंतर अभ्यास के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने कहा कि कोंडागांव पुलिस आर्थिक रूप से कमजोर और ग्रामीण पृष्ठभूमि के युवाओं को समान अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नि:शुल्क शारीरिक प्रशिक्षण दे रही है। प्रशिक्षण के साथ आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराकर अधिक से अधिक युवाओं को पुलिस और सुरक्षा सेवाओं में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी 110 अभ्यर्थियों को ट्रैक सूट और स्पोर्ट्स शूज प्रदान किए गए। अभ्यर्थियों ने विधायक, जिला प्रशासन और कोंडागांव पुलिस का आभार जताते हुए पूरी मेहनत और लगन से प्रशिक्षण लेकर भर्ती परीक्षाओं में सफलता हासिल करने का संकल्प लिया। कोंडागांव पुलिस ने बताया कि युवाओं के शारीरिक, मानसिक और रोजगारोन्मुखी विकास के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण एवं प्रेरणात्मक कार्यक्रम आगे भी लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे।

### बुलडोजर नहीं, गरीबों को सम्मान और सुरक्षा दे सरकार : तुलिका कर्मा

**दंतेवाड़ा।** रायपुर के माना स्थित ग्राम नकटी में गरीब परिवारों के मकानों पर बुलडोजर चलाए जाने के मामले को लेकर प्रदेशभर में विरोध का सिलसिला जारी है। आज महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि गरीब और मेहनतकश परिवारों के आशियानों को उजाड़ना किसी भी संवेदनशील सरकार के लिए शर्मनाक है। बरसात के बीच महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को बेघर कर देना सरकार की असंवेदनशील कार्यशैली को दर्शाता है।तुलिका कर्मा ने कहा कि किसी भी कार्रवाई से पहले प्रभावित परिवारों के पुनर्वास, वैकल्पिक आवास और आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करना सरकार का नैतिक और संवैधानिक दायित्व था, लेकिन सरकार ने मानवीय संवेदनाओं को दरकिनार कर सीधे बुलडोजर चलाने का रास्ता चुना, जिससे कई परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए। यह केवल मकानों को तोड़ने की कार्रवाई नहीं, बल्कि गरीबों के सम्मान और उनके जीवन पर सीधा प्रहार है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लगातार गरीब, आदिवासी, मजदूर और कमजोर वर्ग के लोगों के हितों की अनदेखी कर रही है। एक ओर सरकार गरीबों के कल्याण की बड़ी-बड़ी बातें करती है, वहीं दूसरी ओर उनके सिर से छत छीनने का काम किया जा रहा है। यह दोहरा चरित्र अब जनता के सामने आ चुका है।तुलिका कर्मा ने आगे कहा कि महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देश पर पूरे प्रदेश में महिला कांग्रेस गरीबों और वंचितों के अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है।

# दो दिन की मूसलाधार बारिश से बदली तस्वीर, लबालब हुए खेत-तालाब, किसानों में लौटी उम्मीद

**गरियाबंद( विश्व परिवार )।** जिले के कोपरा-पाण्डुका अंचल में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन के साथ-साथ कृषि गतिविधियों को नई रफ्तार दे दी है। लंबे इंतजार के बाद हुई झमाझम बारिश से खेत पानी से लबालब भर गए हैं और कई जगह तालाब जैसे नजर आने लगे हैं। समय पर हुई इस वर्षा ने किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी है।



किसानों का कहना है कि इस बारिश से धान की बुवाई और रोपाई का कार्य अब तेजी से शुरू होगा। अच्छी वर्षा के कारण इस वर्ष बेहतर उत्पादन की उम्मीद भी बढ़ गई है। खेतों में ट्रैक्टर चलने लगे हैं और कई गांवों में धान रोपाई की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।

लगातार बारिश का असर शैक्षणिक गतिविधियों पर भी देखने को मिला। कोपरा के शासकीय स्कूल परिसर में पानी भर जाने से पूरा परिसर तालाब में तब्दील हो गया। इससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को स्कूल आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यदि बारिश का सिलसिला जारी रहा तो विद्यालय की नियमित गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं।

इधर क्षेत्र का प्रमुख जलस्रोत कोपरा एनीकट भी तेजी से भरने लगा है। एनीकट में पर्याप्त पानी पहुंचने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। लोगों का मानना है कि इससे भू-जल स्तर बढ़ेगा, पेयजल संकट कम होगा और सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से बारिश नहीं होने के कारण किसान चिंता में थे और कृषि कार्य प्रभावित हो रहा था। लेकिन लगातार दो दिनों की अच्छी बारिश ने किसानों में नया उत्साह भर दिया है। किसान इस वर्षा को खरीफ फसलों के लिए बेहद लाभकारी मान रहे हैं।

हालांकि भारी बारिश के कारण कई कच्चे मार्गों पर कीचड़ और जलभराव की स्थिति बन गई है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद अधिकांश किसानों का मानना है कि कृषि की दृष्टि से यह बारिश किसी वरदान से कम नहीं है।

क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि यदि आने वाले दिनों में भी इसी तरह संतुलित बारिश होती रही तो इस वर्ष धान सहित अन्य खरीफ फसलों का उत्पादन बेहतर होगा और किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होने में मदद मिलेगी।

## संलग्नीकरण पर कांग्रेस का अल्टीमेटम : मूल पदस्थापना में वापसी नहीं हुई तो गरियाबंद में होगा चक्काजाम




### शिक्षा विभाग में वर्षों से जमे संलग्न कर्मचारियों और शिक्षकों को तत्काल कार्यमुक्त करने की मांग

**गरियाबंद( विश्व परिवार )।** जिले के शिक्षा विभाग में वर्षों से चल रहे संलग्नीकरण के मुद्दे पर अब राजनीतिक दबाव भी बढ़ने लगा है।जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जिला शिक्षा कार्यालय,समग्र शिक्षा कार्यालय तथा जिले के सभी विकासखंड शिक्षा कार्यालयों में संलग्न कर्मचारियों एवं शिक्षकों को उनके मूल पदस्थापना स्थल पर तत्काल वापस भेजने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया है कि लोक शिक्षण संचालनालय,छत्तीसगढ़ के पत्र क्रमांक एमआईएस/N-123/445, दिनांक 25 जून 2026 के अनुसार स्कूल शिक्षा मंत्री के निर्देश पर सभी संलग्न कर्मचारियों एवं शिक्षकों को उनके मूल पदस्थापना संस्थानों में कार्यमुक्त करने के आदेश जारी किए गए हैं। इसके बावजूद गरियाबंद जिले में अब तक इस दिशा में अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई है।कांग्रेस का आरोप है कि जिला शिक्षा कार्यालय, समग्र शिक्षा कार्यालय और विभिन्न विकासखंड शिक्षा कार्यालयों में बड़ी संख्या में ऐसे शिक्षक और कर्मचारी वर्षों से संलग्न हैं, जिनकी मूल पदस्थापना अन्य स्कूलों एवं संस्थानों में है।इससे स्कूलों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है और शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने चेतावनी दी है कि यदि शासन के निर्देशों का पालन करते हुए संलग्न कर्मचारियों और शिक्षकों को शीघ्र कार्यमुक्त नहीं किया गया,तो कांग्रेस जिला मुख्यालय में चक्काजाम आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश के बाद कई जिलों में संलग्नीकरण समाप्त करने की कार्रवाई शुरू हो चुकी है।वहीं गरियाबंद में कार्रवाई में हो रही देरी को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। ऐसे में सभी की निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि शासन के आदेश का पालन करते हुए कितने कर्मचारी और शिक्षक वास्तव में अपने मूल पदस्थापना स्थल पर लौटते हैं और कितने अपनी पकड़ के चलते जिला मुख्यालय में बने रहते ?

## सिटी ग्राउंड का नाम अब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिटी ग्राउंड, भव्य प्रतिमा भी होगी स्थापित



**जगदलपुर।** नगर निगम कार्यालय में आयोजित मेयर-इन-काउंसिल (एमआईसी) की महत्वपूर्ण बैठक में शहर के विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार और जनहित से जुड़े कई अहम प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में सबसे बड़ा और ऐतिहासिक फैसला सिटी ग्राउंड के नाम परिवर्तन को लेकर लिया गया।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर नगर निगम महापौर परिषद ने नगर के सिटी ग्राउंड का नाम बदलकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिटी ग्राउंड करने का सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित किया। यह मांग जिला फुटबॉल संघ द्वारा महापौर को दिए गए पत्र के माध्यम से उठाई गई थी, जिस पर विस्तृत चर्चा के बाद निर्णय लिया गया।

महापौर श्री संजय पाण्डेय ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए समर्पित रहा। उनके आदर्श आज भी राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणास्रोत हैं। नगर के प्रमुख खेल मैदान का उनके नाम पर नामकरण उनके अतुलनीय योगदान को सच्ची श्रद्धांजलि है। यह निर्णय आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रप्रेम, त्याग और बलिदान से प्रेरणा देगा।

महापौर ने इस पहल के लिए डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री राणा घोष एवं सचिव श्री दिलीप दास का विशेष आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस विषय को सार्थक रूप से उठाया।

बैठक में शहर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की भव्य प्रतिमा स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया। साथ ही राज्य शासन द्वारा जिला एवं संभागीय मुख्यालयों में महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित करने के निर्णय का स्वागत करते हुए सभी एमआईसी सदस्यों और पार्षदों ने उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया।

इसके अलावा बस स्टैंड टर्मिनल भवन के प्रतीक्षालय में यात्रियों की सुविधा के लिए एलईडी टीवी और एंड्रॉयड स्क्रॉलर डिस्प्ले बोर्ड लगाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। इसके लिए नियमानुसार टेंडर प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

शहर में वैज्ञानिक और सुरक्षित कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कंगोली स्थित डम्पिंग यार्ड में मेडिकल वेस्ट डिस्पोजल प्लांट स्थापित करने के प्रस्ताव को भी सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में एमआईसी सदस्य श्री निर्मल पानीग्राही, श्री सुरेश गुप्ता, श्री लक्ष्मण झा, श्री राणा घोष, श्रीमती कलावती कसेर, श्रीमती त्रिवेणी रंधारी, श्रीमती श्वेता बघेल, श्री योगेन्द्र पाण्डे एवं श्री संजय विश्वकर्मा सहित नगर निगम आयुक्त श्री प्रवीण कुमार वर्मा, राजस्व अधिकारी श्रीमती मीनाक्षी नाग, अभियंता श्री गोयल सिंह विमल, इंजीनियर श्री दीपांशु देवांगन तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दरभा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव एवं विधायक विनायक गोयल ने तिलक लगाकर किया नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत

**जगदलपुर।** जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के दरभा में ग्राम नेगानार में विकासखण्ड स्तरीय शिक्षा के नए सत्र का आगाज बेहद उत्साहजनक और भव्य माहौल में हुआ । आयोजित 'शाला प्रवेश उत्सव' में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव मुख्य अतिथि के रूप में एवं चित्रकूट विधायक श्री विनायक गोयल शामिल हुए। इस गरिमामय समारोह के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव, विधायक श्री विनायक गोयल एवं अतिथियों ने नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया, जिससे अपनों के बीच पाकर नन्हे-मुन्ने बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे ।



समारोह को संबोधित करते हुये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा ही किसी भी उन्नत समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण की पहली सीढ़ी है। शिक्षा का अपने जीवन में विशेष महत्व होता है। हमारी सरकार हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने और शिक्षण संस्थाओं को आधुनिक संसाधनों से लैस करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। श्री किरण देव ने पालकों से अपील किया कि वे अपनी बेटियों और बेटों को बिना किसी भेदभाव के नियमित स्कूल भेजें, क्योंकि आज के बच्चे ही कल के भविष्य हैं और उन्हें सही मार्गदर्शन देना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

आज ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिक्षा का स्तर तेजी से सुधर रहा है और सुदूर अंचलों के बच्चे भी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आधुनिक दौर में डिजिटल शिक्षा समय की मांग है, और सरकार बच्चों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। वहीं विधायक श्री विनायक गोयल ने कहा विधार्थियों को कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आधुनिक दौर में डिजिटल शिक्षा समय की मांग है। सरकार बच्चों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया साथ ही शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में बच्चों को आवश्यक शैक्षणिक साम्रगीयों का वितरण किया। शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के पश्चात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव एवं विधायक श्री विनायक गोयल एवं अतिथियों ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन का आंनद लिया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानकदई कश्यप, उपाध्यक्ष हरि प्रसाद कश्यप, जिला पंचायत सदस्य संपति नाग, एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बधेल , सीईओ वीरेंद्र बहादुर,बीईओ जगदीश पात्र एवं शिक्षक शिक्षकायें व बड़ी संख्या में विधार्थिगण उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित

■ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती गरिमामय वातावरण में मनाई गई

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय 'कुशाभाऊ ठाकरे परिसर' में सोमवार को महान शिक्षाविद्, प्रखर राष्ट्रवादी नेता व भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा के प्रदेश महामंत्री द्वय अखिलेश सोनी व डॉ. नवीन मार्कण्डेय और प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।



इस दौरान भाजपा नेताओं ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान और देश की अखंडता के लिए किए गए उनके संघर्षों को याद किया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता के लिए जो मार्ग दिखाया था, उसी पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर सशक्त हो रहा है। उनके दिखाए मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा कार्यालय (एकात्म परिसर) में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, विधायक मोतीलाल साहू, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, नान अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, प्रदेश मंत्री जयंती पटेल, अमित साहू, रायपुर ग्रामीण जिला प्रभारी सुरेन्द्र पाटनी, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, नंदे साहू, अमरजीत छाबड़ा, वर्णिका शर्मा, मोना सेन, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर पुष्पांजली अर्पित की।

# रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमता का उपयोग मानव कल्याण के लिए हो : राज्यपाल डेका

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज भारत सेवाश्रम संघ द्वारा संचालित प्रणवानंद अकादमी में रोबोटिक्स लैबोरेट्री का लोकार्पण किया। इस लैबोरेट्री की स्थापना के लिए राज्यपाल द्वारा अपने स्वेच्छानुदान मद से राशि प्रदान की गई है।



इस अवसर पर राज्यपाल ने अपने संबोधन ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमता, रोबोटिक्स जैसे तकनीक हमारे जीवन को आसान बनाते है। लेकिन आधुनिक तकनीक तभी सार्थक है, जब उसका उपयोग मानव जीवन के कल्याण और समाज के विकास के लिए किया जाए।

उन्होंने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान की वास्तविक पहचान केवल उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों से नहीं होती, बल्कि ऐसे विद्यार्थियों से होती है जो ज्ञान के साथ मानवीय मूल्यों, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दें। प्रणवानंद अकादमी शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और चरित्र निर्माण को भी समान महत्व देती है यह प्रसन्नता का विषय है।

राज्यपाल ने कहा कि आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता रोबोटिक्स और अन्य आधुनिक तकनीकें विश्व को नई दिशा दे रही हैं। ऐसे समय में विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान के साथ नैतिक मूल्यों को भी आत्मसात करना चाहिए। कोई भी नया आविष्कार या नवाचार मानवता के हित में होना चाहिए। मानव पर खुद का नियंत्रण होना चाहिए न कि कोई तकनीक उसे नियंत्रित करे।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों को जीवन मूल्यों का संदेश देते हुए कहा कि जीवन में संतोष का विशेष महत्व है। हमें जो प्राप्त है, उसमें प्रसन्न रहना सीखना चाहिए तथा कठिन परिश्रम, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। जीवन में उतार-चढ़ाव एवं चुनौतियाँ आती हैं, लेकिन गिरने के बाद फिर से उठना और आगे बढ़ना ही सफलता का मार्ग है।

उन्होंने कहा कि समाज ने हमें क्या दिया, यह सोचने के बजाय हमें यह विचार करना चाहिए कि हम समाज को क्या दे सकते हैं। समाज के प्रति सेवा, सहयोग, संवेदनशीलता और पड़ोसियों के प्रति आत्मीयता की भावना हमारे जीवन में आनंद लाता है।

कार्यक्रम में अकादमी के अध्यक्ष स्वामी श्री शिवरूपानंद ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा प्राचार्य श्रीमती नीति यदुवंशी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारी, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# अंतर्दलीय हिंदी काव्यपाठ, भाषण व वाद विवाद प्रतियोगिता का समापन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राजकुमार कॉलेज, रायपुर में विद्यार्थियों में बोलने की कला विकसित करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष हिंदी काव्यपाठ, भाषण एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। यह प्रतियोगिता तीन भागों में विभाजित हुई हैं प्रथम भाग में समूह स जिसके अंतर्गत कक्षा छठवीं, सातवीं और आठवीं के विद्यार्थी रहते हैं, समूह ब जिसके अंतर्गत कक्षा नवमी और दसवीं के विद्यार्थी भाग लेते हैं। समूह अ इसमें कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के विद्यार्थी भाग लेते हैं। जिसमें विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, स्पष्ट उच्चारण, विषयों की समझ और संवेदनशीलता बढ़ती है।

3 जुलाई और 6 जुलाई को दो भागों में ये आयोजन संपन्न हुआ




जिसके अंतर्गत कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया निर्णायक मंडल में वरिष्ठ भाषाविज्ञ डॉ. चित्तरंजन कर, वरिष्ठ पुरातत्वविद श्री राहुल सिंह और वरिष्ठ समाजसेवी श्री विनोदकुमार शेष उपस्थित थे। प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल अविनाश सिंह ने ऐसे आयोजनों को व्यक्तित्व के विकास में सहायक बताते हुए सभी प्रतिभागियों की भूरी भूरी प्रशंसा की। वाद-विवाद का विषय था- हम विकास के नाम पर विनाश की ओर बढ़ रहे हैं। विषय के पक्ष और विपक्ष में बारहवीं के विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति दी।

विद्यालय के उपप्राचार्य शिवेंद्र नाथ शाह देव ने पुरस्कारों की घोषणा की समूह स में कक्षा आठवीं के विद्यार्थी अनुष जोशी (राणा दल) को काव्य पाठ हेतु प्रथम पुरस्कार, वरिष्ठा राठोड़ (बिक्रम दल) को भाषण हेतु प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।

# आईआईटी भिलाई में तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

■ 400 शिक्षकों को तीन दिनों का विशेष प्रशिक्षण

**भिलाई ( विश्व परिवार )।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई में समग्र शिक्षा के सहयोग से तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज विधिवत शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 400 शिक्षकों को आठ बैचों में तीन-तीन दिनों का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसका उद्देश्य विद्यालयी शिक्षकों की शिक्षण दक्षता में वृद्धि करना, कौशल-आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित करना तथा मूल्यपरक शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुदृढ़ करना है।

कार्यक्रम के संरक्षक एवं मुख्य अतिथि भारतीय प्रौद्योगिकी



संस्थान भिलाई के निदेशक प्रोफेसर राजीव प्रकाश ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण की आधारशिला होते हैं और समाज को दिशा देने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे स्वावलंबन की दिशा में अग्रसर हों, कौशल विकास पर विशेष ध्यान दें तथा विद्यार्थियों में उत्तम चरित्र और नैतिक मूल्यों के निर्माण के लिए सतत प्रयास करें।

# एनआईटी रायपुर में अगली पीढ़ी की क्वांटम इंटेलिजेंस पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने 'नेक्स्ट-जेन क्वांटम इंटेलिजेंस: नेटवर्क ऑप्टिमाइजेशन और एंटैंगलमेंट के लिए एआई (एनजीक्यूआई-एआईएनई-26)' शीर्षक से पांच दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग प्रोत्साहन योजना (एसपीएआरसी) द्वारा प्रायोजित यह कार्यशाला, एनआईटी रायपुर के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. चंद्रशेखर जटोथ के नेतृत्व में और ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न विश्वविद्यालय के प्रोफेसर राजकुमार बुय्या के सहयोग से आयोजित एक प्रतिष्ठित सहयोगी अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। उद्घाटन समारोह में आईआईएम रायपुर के निदेशक प्रोफेसर संजीव प्रशार मुख्य अतिथि और एनआईटी रायपुर के निदेशक प्रोफेसर एनवी रमना राव मुख्य संरक्षक के रूप में उपस्थित थे। मेलबर्न विश्वविद्यालय के रेडमंड बैरी विशिष्ट प्रोफेसर, प्रोफेसर राजकुमार बुय्या और आईआईटी खड़गपुर के एसपीएआरसी सदस्य डॉ. टाइटैश मंडल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व दवा वितरण शिविर सम्पन्न

■ 258 मरीजों का परीक्षण कर दवाइयां दी गई

**अशोकनगर ( विश्व परिवार )।** कैंची बीड़ी परिवार द्वारा स्मृति शेष श्रीमती सूरजबाई जैन की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में जैन मिलन सेंट्रल एवं विमर्श जागृति मंच के सहयोग से रविवार को जी के मैरिज गार्डन में स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर आयोजित किया गया।

इस शिविर में नगर के सुप्रसिद्ध डॉ. डी.के. जैन ,डॉ.नीतेश जैन,डॉ. प्रेम विश्वास, डॉ.पारस जैन,डॉ. दीपक जैन एवं डॉ. नीलेश जैन द्वारा 258 मरीजों का परीक्षण कर चिकित्सीय परामर्श दिया। रोगियों के ब्लडप्रेशर की जांच की गई तथा आवश्यक होने पर ब्लड शुगर की भी जांच की जाकर सभी रोगियों को नि:शुल्क दवाइयां प्रदान की गई।




शिविर संयोजक भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन कैंची ने बताया कि कैंची बीड़ी परिवार के सौजन्य से आयोजित इस शिविर में भारी संख्या में वीर बन्धुओ ने सहभागिता की।जैन मिलन सेंट्रल के अध्यक्ष अतुल बंसल,मंत्री मनोज जैन बहादुरपुर, कोषाध्यक्ष सुनील कोठारी,विमर्श जागृति मंच के उपाध्यक्ष प्रमोद जैन मोहरी,महेंद्र कडेसरा,प्रमोद छाया,अनूप बाबू आदि ने सभी सेवाएं दे रहे चिकित्सकों को माल्यार्पण एवं शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। दिनेश गुप्ता,बबलेश नामदेव एवं रमेश प्रजापति का दवा वितरण में विशेष सहयोग रहा उन्हें भी सम्मानित किया गया। इसी के साथ भारतीय जैन मिलन के आव्हान पर जैन सम्राट गौरव वर्ष के अंतर्गत सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य,सम्राट कुमार पाल,सम्राट सम्प्रति एवं रानी अब्बका पर राष्ट्रीय मंत्री नरेशचंद जैन, क्षेत्रीय मंत्री निर्मल जैन मिर्ची, विनोद जैन भारिल्ल एवं सचिन सर्राफद्वारा विस्तृत उदबोधन दिए गए।कार्यक्रम का संचालन सचिन सर्राफ ने किया। सुस्वाद माधुर्य भोज के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# महापौर बाघमार ने जल कार्य प्रभारी व अधिकारियों के साथ इंटकवेल पहुंचकर देखी सफाई व्यवस्था

■ सायफन में जलकुंभी और कचरा फंसने से युद्धस्तर पर सफाई अभियान जारी

■ महापौर एवं आयुक्त की नागरिकों से अपील, जलापूर्ति जल्द होगी सामान्य

**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** लगातार हो रही मूसलाधार बारिश और शिवनाथ नदी में आए तेज उफान का असर अब शहर की पेयजल व्यवस्था पर भी दिखाई देने लगा है। नदी के बढ़े जलस्तर के कारण नगर पालिक निगम के 24 एवं 42 एमएलडी इंटकवेल के सायफन में बार-बार जलकुंभी, झिल्ली, पॉलीथीन तथा अन्य तैरता कचरा



फंसा हुआ है इसके चलते रविवार को शहर के कई क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति बाधित रही। सफाई अभियान लगातार जारी है।जो जल्द सामान्य हो जाएगी।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए महापौर अलका बाघमार स्वयं शिवनाथ नदी स्थित इंटकवेल पहुंचीं और मौके का निरीक्षण किया। उनके साथ आयुक्त सुमित अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा, जल कार्य प्रभारी श्रीमती लीना दिनेश देवांगन, लोककर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर सहित एमआईसी सदस्य, पार्षद एवं निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने इंटकवेल के सम्प के नीचे उतरकर सायफन में फंसे कचरे की स्थिति का प्रत्यक्ष जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी आवश्यक संसाधनों का उपयोग करते हुए युद्धस्तर पर सफाई अभियान चलाने तथा शहर की जलापूर्ति को शीघ्र सामान्य करने के निर्देश दिए।

अधिकारियों ने बताया कि तेज बहाव के कारण पुलगांव नाला सहित अन्य नालों से बड़ी मात्रा में जलकुंभी और कचरा बहकर इंटकवेल तक पहुंच रहा है। इससे फिल्टर प्लांट तक पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुंच पा रहा, जिसके कारण कई ओवरहेड टंकियां समय पर नहीं भर सकीं और जलापूर्ति प्रभावित हुई।

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि लगातार बारिश और बाढ़ जैसी परिस्थितियों के बावजूद नगर निगम की पूरी टीम दिन-रात राहत कार्य में जुटी हुई है। कर्मचारियों द्वारा लगातार सायफन से जलकुंभी और कचरा हटाने का कार्य किया जा रहा है ताकि शहरवासियों को जल्द से जल्द नियमित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

उन्होंने नागरिकों से धैर्य एवं सहयोग बनाए रखने की अपील करते हुए भरोसा दिलाया कि नगर निगम प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है और पेयजल आपूर्ति को शीघ्र सामान्य करने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, शिव नायक, पार्षद कुलेश्वर साहू, रंजीता पाटील, जल कार्य अभियंता प्रकाश थवानी, सहायक अभियंता मोहित मरकाम, विनोद मांझी, जल निरीक्षक नारायण ठाकुर सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


## छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक

क्षेत्रीय कार्यालयः महादेव घाट रोड, सुंदरनगर, रायपुर (छ.ग.)
Mob:6232032095 I Tollfree 1800-233-2300,(PIN 492013)
E-mail: npa.ro.rai@cgbank.in I Web: www.cgbank.in

### नीलामी सूचना (जहाँ है जैसा है स्थिति में)

छत्तीसगढ राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा जब्त किये गये निम्नलिखित वाहनों की नीलामी "जहाँ है जैसा है" के आधार पर दर्शायी गई तिथि एवं स्थान पर किया जाना प्रस्तावित है।

| क्र | शाखा | ऋणी का नाम | वाहन का प्रकार क्र. | गाड़ी नं. | न्यूनतम आरक्षित मूल्य | अवलोकन हेतु स्थान (यार्ड) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अमलीडीह | प्रतिमा यादव | MAYURI PRO | CG 04 PD 2275 | 33,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 2 | अमलीडीह | ज्योति प्रजापति | MAYURI PRO | CG 04 PT 3648 | 35,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 3 | अमलीडीह | सत्यभामा साहू | MAYURI PRO | CG 04 PM 2116 | 34,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 4 | अमलीडीह | गोमती बेहरा | MAYURI PRO | CG 04 PJ 5013 | 27,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 5 | अमलीडीह | खुशबू सोनी | MAYURI PRO | CG 04 PC 3111 | 28,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 6 | अमलीडीह | यशोदा बाई सारथी | MAYURI PRO | CG 04 PF 4931 | 28,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 7 | अमलीडीह | कविता मानिकपुरी | MAYURI PRO | CG 04 PG 0756 | 30,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 8 | कबीरनगर | श्रीमती दीपा विभार | SUPERTECH INC/PILOT | CG 04 PD 0617 | 50,000/- | पाल ट्रेडर्स के पास अल्का विहार उरकुरा रायपुर |
| 9 | कबीरनगर | श्री रवि सिंह राजपूत | SUPERTECH INC/PILOT | CG 04 NY 3664 | 43,000/- | पाल ट्रेडर्स के पास अल्का विहार उरकुरा रायपुर |
| 10 | कबीरनगर | श्री सारंगो मंगराज | SUPERTECH INC/PILOT | CG 04 PC 6668 | 43,000/- | पाल ट्रेडर्स के पास अल्का विहार उरकुरा रायपुर |
| 11 | कबीरनगर | श्री असफाक कुरैशी | SUPERTECH INC/PILOT | CG 04 PE 6773 | 48,000/- | पाल ट्रेडर्स के पास अल्का विहार उरकुरा रायपुर |
| 12 | कबीरनगर | श्री शेख रुमाना | SUPERTECH INC/PILOT | CG 04 PB 6914 | 43,000/- | पाल ट्रेडर्स के पास अल्का विहार उरकुरा रायपुर |
| 13 | कबीरनगर | श्रीमती सरोजनी यादव | SUPERTECH INC/PILOT | CG 04 PD 8714 | 45,000/- | पाल ट्रेडर्स के पास अल्का विहार उरकुरा रायपुर |
| 14 | कबीरनगर | श्री ईश्वर साहू | SUPERTECH INC/PILOT | CG 04 NY 3682 | 51,000/- | पाल ट्रेडर्स के पास अल्का विहार उरकुरा रायपुर |
| 15 | कबीरनगर | श्री घना राम जांगडे | SUPERTECH INC/PILOT | CG 04 PA 7354 | 46,000/- | पाल ट्रेडर्स के पास अल्का विहार उरकुरा रायपुर |
| 16 | गुढ़ियारी | श्रीमती सरोजनी यादव | E-ENERGY | CG 04 PG 5932 | 49,000/- | VAYAM AUTO CENTRE GUDHIYARI |
| 17 | गुढ़ियारी | श्री राहुल सोनी | E-ENERGY | CG 04 PG 7960 | 48,000/- | VAYAM AUTO CENTRE GUDHIYARI |
| 18 | गुढ़ियारी | श्री लक्ष्मण साहू | TERRA KYOTO X1 | CG 04 PS 2973 | 68,000/- | VAYAM AUTO CENTRE GUDHIYARI |
| 19 | जयस्तंभ चौक | भोज बाई देवांगन | BEST WAY ELE 1000 | CG 04 PJ 5718 | 28,000/- | पाल ट्रेडर्स के पास अल्का विहार उरकुरा रायपुर |
| 20 | पुरानीबस्ती | श्रीमती सुषमा कुलदीप | SUPERTECH INC /PILOT | CG 04 PE 1735 | 50,000/- | पाल ट्रेडर्स के पास अल्का विहार उरकुरा रायपुर |
| 21 | पुरानीबस्ती | श्रीमती बनिता निहाल | SUPERTECH INC /PILOT | CG 04 PD 2409 | 52,000/- | पाल ट्रेडर्स के पास अल्का विहार उरकुरा रायपुर |
| 22 | पुरानीबस्ती | श्रीमती मैमुना बेगम | SUPERTECH INC /PILOT | CG 04 PD 8854 | 48,000/- | पाल ट्रेडर्स के पास अल्का विहार उरकुरा रायपुर |
| 23 | पुरानीबस्ती | श्री शुभम पाठक | SUPERTECH INC /PILOT | CG 04 PE 1433 | 48,000/- | पाल ट्रेडर्स के पास अल्का विहार उरकुरा रायपुर |
| 24 | पुरानीबस्ती | श्रीमती शबनम परवीन | SUPERTECH INC /PILOT | CG 04 PB 9059 | 41,000/- | पाल ट्रेडर्स के पास अल्का विहार उरकुरा रायपुर |
| 25 | पुरानीबस्ती | लक्ष्मी नेताम | SUPERTECH INC | CG 04 NZ 4271 | 26,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 26 | पुरानीबस्ती | भीम सेन | CITYLIFE XV -850 | CG 04 PF 1186 | 26,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 27 | फाफाडीह | श्री प्रहलाद यादव | ATUL ELITE | CG 04 PG 9129 | 49,000/- | K.V. MOTORS ATUL ENTERPRISES PITHALIA COMPLEX FAFADIH RAIPUR |
| 28 | फाफाडीह | श्री मनोहर सिंह | ATUL ELITE | CG 04 PM 2665 | 52,000/- | K.V. MOTORS ATUL ENTERPRISES PITHALIA COMPLEX FAFADIH RAIPUR |
| 29 | फाफाडीह | श्रीमती रेशमा बी | ATUL ELITE | CG 04 PN 1787 | 55,000/- | K.V. MOTORS ATUL ENTERPRISES PITHALIA COMPLEX FAFADIH RAIPUR |
| 30 | भनपुरी | श्री सुरेश साहू | OSM STREM | CG 04 PK 4316 | 16,000/- | पाल ट्रेडर्स के पास अल्का विहार उरकुरा रायपुर |
| 31 | शंकरनगर | श्रीमती कौशिल्या यादव | KINETIC SAFAR SMART NEO | CG 04 PE 2396 | 56,000/- | पाल ट्रेडर्स के पास अल्का विहार उरकुरा रायपुर |
| 32 | शंकरनगर | श्रीमती पिंकी ठाकुर | KINETIC SAFAR SMART NEO | CG 04 NZ 5064 | 50,000/- | पाल ट्रेडर्स के पास अल्का विहार उरकुरा रायपुर |
| 33 | शंकरनगर | श्रीमती प्रियंका पाण्डेय | EXIDE NEO | CG 04 PT 6531 | 56,000/- | पाल ट्रेडर्स के पास अल्का विहार उरकुरा रायपुर |
| 34 | शंकरनगर | श्री कैलाश कुमार साहू | KINETIC SUPER DX | CG 04 PB 6115 | 39,000/- | पाल ट्रेडर्स के पास अल्का विहार उरकुरा रायपुर |
| 35 | शंकरनगर | श्रीमती हीना भारती | KINETIC SAFAR SMART NEO | CG 04 PR 1489 | 65,000/- | पाल ट्रेडर्स के पास अल्का विहार उरकुरा रायपुर |
| 36 | शंकरनगर | श्री दिघम्बर छुरा | EXIDE NEO | CG 04 PC 5679 | 44,000/- | पाल ट्रेडर्स के पास अल्का विहार उरकुरा रायपुर |
| 37 | शंकरनगर | श्रीमती सैय्यदा नूरजहाँ | EXIDE NEO | CG 04 PS 1149 | 48,000/- | पाल ट्रेडर्स के पास अल्का विहार उरकुरा रायपुर |
| 38 | शंकरनगर | श्री दीपक सोनी | EXIDE NEO | CG 04 NW 6764 | 59,000/- | पाल ट्रेडर्स के पास अल्का विहार उरकुरा रायपुर |
| 39 | शंकरनगर | संगीता बाग़ | KINETIC SAFAR SMART NEO | CG 04 PU 2837 | 38,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 40 | शंकरनगर | अश्वनी दास मानिकपुरी | KINETIC SAFAR SMART NEO | CG 04 NY 5198 | 38,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 41 | शंकरनगर | माधुरी निहाल | ASHVASHAKTI | CG 04 PV 6442 | 45,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 42 | शंकरनगर | साहिनाज़ बानो | ASHVASHAKTI | CG 04 PW 8691 | 45,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 43 | शंकरनगर | सतीश कुमार सारथी | EXIDE NEO | CG 04 PQ 7664 | 33,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 44 | शंकरनगर | खुशबू सोना | KINETIC SAFAR SMART NEO | CG 04 NZ 6457 | 43,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 45 | शंकरनगर | रूपाली लोखण्डे | KINETIC SAFAR SMART NEO | CG 04 PQ 8458 | 54,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 46 | शंकरनगर | हीना खान | KINETIC SAFAR SMART NEO | CG 04 PB 6118 | 54,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 47 | शंकरनगर | सुनीता दुबे | KINETIC SAFAR SMART NEO | CG 04 PE 1260 | 54,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 48 | शंकरनगर | फूलो बेसरा | KINETIC SAFAR SMART NEO | CG 04 PH 1339 | 54,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 49 | शंकरनगर | सौम्या जगत | EXIDE NEO | CG 04 PQ 0687 | 41,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 50 | शंकरनगर | नगमा बेगम | KINETIC SUPER DX | CG 04 PJ 4441 | 40,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 51 | शंकरनगर | लखन लाल कुर्रे | KINETIC SAFAR SMART NEO | CG 04 PC 5035 | 54,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 52 | शंकरनगर | अनीता यादव | KINETIC SAFAR SMART NEO | CG 04 PA7859 | 54,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 53 | शंकरनगर | शाहबाज़ अली | EXIDE POWER | CG 04 PP 6403 | 53,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 54 | शंकरनगर | चाँदनी जोशी | EXIDE NEO | CG 04 PT 4182 | 41,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 55 | शंकरनगर | तोरण सोनकर | KINETIC SAFAR SMART NEO | CG 04 PR 0866 | 54,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 56 | शंकरनगर | संजना तांडी | ASHVASHAKTI | CG 04 PU 2682 | 29,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 57 | शंकरनगर | निखत बानो | EXIDE NEO | CG 04 PE 7269 | 31,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 58 | शंकरनगर | रोहित तांडी | EXIDE NEO | CG 04 PD 4939 | 31,000/- | होटल 0071 के बगल में कुशालपुर रायपुर |
| 59 | संतोषीनगर | सुमन कौर डंगी | BAXY RATH | CG 04 PP 0752 | 35,000/- | एस.के. एम. मोटर्स तात्यापारा चौक रायपुर |
| 60 | संतोषीनगर | सोनम कौशल | BAXY RATH | CG 04 PB 0124 | 33,000/- | एस.के. एम. मोटर्स तात्यापारा चौक रायपुर |
| 61 | संतोषीनगर | शशी यादव | BAXY PRO | CG 04 PC 4018 | 86,000/- | एस.के. एम. मोटर्स तात्यापारा चौक रायपुर |
| 62 | संतोषीनगर | रामू तांडी | JAGRAN DLX | CG 04 PT 2092 | 49,000/- | धनलक्ष्मी मोटर्स भाठा गाँव बस स्टैंड के पास रायपुर |
| 63 | संतोषीनगर | पुन्नी बाई यादव | BAXY RATH | CG 04 PN 0341 | 35,000/- | एस.के. एम. मोटर्स तात्यापारा चौक रायपुर |
| 64 | संतोषीनगर | प्रभा गुप्ता | JAGRAN DLX | CG 04 PS 1504 | 37,000/- | धनलक्ष्मी मोटर्स भाठा गाँव बस स्टैंड के पास रायपुर |
| 65 | संतोषीनगर | नर्गिस खातून अशर्फी | BAXY RATH | CG 04 PB 9581 | 33,000/- | एस.के. एम. मोटर्स तात्यापारा चौक रायपुर |
| 66 | संतोषीनगर | दिनेश बेसरिया | JAGRAN DLX | CG 04 PS 8418 | 37,000/- | धनलक्ष्मी मोटर्स भाठा गाँव बस स्टैंड के पास रायपुर |
| 67 | संतोषीनगर | बृंदावन क्षत्रीय | BAXY RATH | CG 04 PE 1286 | 14,000/- | एस.के. एम. मोटर्स तात्यापारा चौक रायपुर |
| 68 | संतोषीनगर | आर्यन बाग़ | JAGRAN DLX | CG 04 PS 4489 | 38,000/- | धनलक्ष्मी मोटर्स भाठा गाँव बस स्टैंड के पास रायपुर |
| 69 | हीरापुर | यूनेश्वरी साहू | SUPERTECH PILOT | CG 04 PM 6199 | 24,000/- | पाल ट्रेडर्स के पास अल्का विहार उरकुरा रायपुर |

(1) नीलामी हेतु निविदा बंद लिफाफे मे प्रस्तुत करना होगा। (2) शाखा का नाम, वाहन क्र, वाहन प्रकार स्पष्ट रूप से लिखकर बोली राशि अंको एवं शब्दों मे लिखकर स्वंय के पहचान पत्र की फोटो कापी सहित बंद लिफाफे मे प्रस्तुत करे। (3) अमानती राशि रू 10000/ (रू दस हजार मात्र), छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के पक्ष मे ड्राफ्ट/नगद निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। (4) सफल निविदा कर्ता को 25% राशि तत्काल जमा करना होगा। (5) शेष 75% राशि नीलामी तिथि से 10 दिनों के भीतर जमा करना होगा अन्यथा जमा की गई राशि जप्त कर ली जाएगी। (6) बंद लिफाफे में निविदा दिनांक 13/07/2026 तक क्षेत्रीय कार्यालय सुन्दर नगर रायपुर में जमा की जा सकती है। नीलामी से सम्बन्धित सर्वाधिकार बैंक के पास सुरक्षित रहेगा।

**नीलामी स्थल-छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, महादेव घाट रोड, सुन्दर नगर रायपुर**
**नीलामी दिनांक-14/07/2026, समय-दोपहर 12 बजे**
**दिनांक-06/07/2026**

**क्षेत्रीय प्रबंधक**
**क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर**

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, मंगलवार 07 जुलाई 2026



### जिला स्तरीय रोजगार मेला 10 जुलाई को

दुर्ग। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग एवं हेमचंद यादव विश्वविद्यालय जिला-दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में 10 जुलाई 2026 को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय नया भवन परिसर पोटिया दुर्ग में जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक रोजगार जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मागदर्शन केन्द्र से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त रोजगार मेला हेतु कक्षा 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, आई.टी.आई., डिप्लोमा इंजीनियरिंग, इंजीनियरिंग स्नातक, एम.बी.बी.एस., बी.ए.एम.एस., नर्सिंग, जी.एन.एम., ए.एन.एम., डिप्लोमा पैरामेडिकल एवं अन्य योग्यताधारी आवेदकों के लिए कुल 15 नियोजकों से 1342 तकनीकी एवं गैर तकनीकी रिक्तियों प्राप्त हो चुकी है।

# स्वस्थ छत्तीसगढ़ करेगा विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माणः मुख्यमंत्री

- 103 करोड़ रुपये से अधिक के स्वास्थ्य अधोसंरचना कार्यों का भूमिपूजन
- 200 सीटर छात्रावास, कैंसर भवन विस्तार और आवासीय परिसर का होगा निर्माण



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अटल बिहारी वाजपेयी सभागृह, चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में 103 करोड़ रुपये से अधिक लागत के स्वास्थ्य अधोसंरचना विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ छत्तीसगढ़ ही विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करेगा। प्रदेश में लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। यह परियोजनाएं प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाई प्रदान करेंगी तथा मरीजों, विद्यार्थियों और चिकित्सकों सभी को इसका लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए आधुनिक छात्रावास, कैंसर भवन के विस्तार तथा चिकित्सकों एवं कर्मचारियों के आवासीय परिसर सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी गई।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पिछली बार मेडिकल कॉलेज आने पर विद्यार्थियों ने छात्रावास निर्माण की मांग रखी थी, जिसे सरकार ने गंभीरता से लेते हुए आज उसके निर्माण की शुरुआत कर दी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले ढाई वर्षों में जनता से किए गए अधिकांश वादों को पूरा किया है और 'मोदी की गारंटी' को धरातल पर उतारा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और विकसित भारत के संकल्प की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए स्वस्थ छत्तीसगढ़ आवश्यक है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के नेतृत्व में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग लगातार उल्लेखनीय कार्य कर रहा है।

# मुनिश्री आगम सागर जी महाराज का आज राजधानी में मंगल प्रवेश

- बड़ा मंदिर लघु तीर्थ में वर्षायोग के संकेत
- रायपुर की पावन धरा पर चातुर्मास की प्रबल संभावना



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की धरा पर इस वर्ष जैन धर्म की प्रभावना का एक अभूतपूर्व और ऐतिहासिक दृश्य देखने को मिल सकता है। चातुर्मास की मंगल बेला नजदीक आते ही सकल जैन समाज में भारी उत्साह और उत्सुकता का माहौल है। रायपुर के मालवीय रोड स्थित केंद्रीय जैन मंदिर (बड़ा मंदिर) में इस वर्ष महान संतों के सान्निध्य का सौभाग्य मिलने के प्रबल संकेत मिल रहे हैं।

परम पूज्य मुनिश्री आगम सागर जी महाराज ससंघ वर्तमान में बंजारी धाम रायपुर भनपुरी में सानंद विराजमान हैं। हालांकि, संघ की ओर से अभी तक चातुर्मास को लेकर कोई आधिकारिक (अधिकृत) घोषणा नहीं हुई है, लेकिन उनके अनियत विहारी की दिशा को देखते हुए यह साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनका मंगल विहार रायपुर शहर की ओर ही होना है। महाराज जी के रुख, विहार की वर्तमान दिशा और भक्तों के प्रति अगाध वात्सल्य को देखते हुए जैन समाज का दृढ़ विश्वास है कि इस बार मालवीय रोड स्थित 'श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर (लघु तीर्थ)' को ही उनके पावन वर्षायोग का परम सौभाग्य प्राप्त होगा।

श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर पंचायत ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री संजय जैन नायक ने बताया कि मालवीय रोड स्थित इस लगभग 150 वर्ष पुराने अतिशयकारी प्राचीन मंदिर का पुनर्निर्माण कर इसे 'लघु तीर्थ' बनाने की अंतिम देशना (मंगल आशीर्वाद) संत शिरोमणि समाधिस्थ आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के रायपुर प्रवास के दौरान प्राप्त हुई थी।

## लोक निर्माण विभाग के प्रभारी ने बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन



**बिरगांव (विश्व परिवार)।** वार्ड क्रमांक 28 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 20, गाज़ी नगर में लोक निर्माण विभाग के प्रभारी इकराम अहमद द्वारा अपने जन्मदिवस के पावन अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ स्नेहपूर्ण एवं यादगार समय व्यतीत किया गया। इस अवसर को विशेष बनाने हेतु बच्चों के लिए खीर-पूड़ी का नेवता भोज आयोजित किया गया तथा केक काटकर खुशियां साझा की गईं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चों ने उत्साह, उल्लास और मुस्कान के साथ भाग लेकर माहौल को आनंदमय बना दिया।

इस दौरान बच्चों को यूनिफॉर्म (ड्रेस) भी वितरित की गई। नई ड्रेस पाकर बच्चों के चेहरों पर आई खुशी और चमक ने पूरे आयोजन को और भी सार्थक बना दिया। यह दृश्य इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी उपलब्धि रहा। कार्यक्रम के दौरान इकराम अहमद ने कहा कि बच्चों का उज्ज्वल भविष्य ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनके सर्वांगीण विकास, बेहतर शिक्षा एवं खुशहाल जीवन के लिए इस प्रकार के सकारात्मक प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

## 'ई-मालखाना' प्रणाली का शुभारंभ

- जप्त माल के प्रबंधन में तकनीकी नवाचार एवं पारदर्शिता की नई पहल



**रायपुर (विश्व परिवार)।** पुलिस कमिश्नर डॉ संजीव शुक्ला (IPS) तथा एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित तुकाराम कांबले (IPS) के करकमलों से थाना गुढ़ियारी में जप्त माल के सुव्यवस्थित संधारण, सुरक्षित अभिलेखीकरण एवं पारदर्शी प्रबंधन हेतु 'ई-मालखाना' प्रणाली का शुभारंभ किया गया।

यह अभिनव व्यवस्था डीसीपी नॉर्थ ज़ोन अंतर्गत थाना गुढ़ियारी प्रभारी एवं मालखाना स्टाफ के संयुक्त प्रयासों से विकसित की गई है।

इस अवसर पर ई-मालखाना की कार्यप्रणाली का विस्तृत डेमो प्रस्तुत किया गया, जिसमें जप्त सामग्रियों के डिजिटल पंजीयन, बारकोड आधारित पहचान, रैकवाइज संधारण तथा रिकॉर्ड ट्रैकिंग प्रणाली की जानकारी दी गई। 'डेमो के दौरान डीसीपी नॉर्थ मयंक गुर्जर (IPS), डीसीपी वेस्ट श्री संदीप पटेल (IPS), एडिशनल डीसीपी श्री आकाश मरकाम तथा सहायक पुलिस आयुक्त सुश्री पूर्णिमा लामा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहकर प्रणाली का अवलोकन एवं समीक्षा किए।'

ई-मालखाना प्रणाली लागू करने से पूर्व थाना गुढ़ियारी में उपलब्ध समस्त जप्त माल का विस्तृत भौतिक सत्यापन कराया गया। इसके उपरांत मालखाने का रैकवाइज वैज्ञानिक संधारण करते हुए A1, A2, B1, B2 आदि श्रेणियों में व्यवस्थित वर्गीकरण किया गया, ताकि प्रत्येक सामग्री का रिकॉर्ड एवं उसकी लोकेशन आसानी से चिन्हित की जा सके।

## छाता लेकर सड़कों पर उतरे महापौर, कलेक्टर व आयुक्त, वार्डों का किया निरीक्षण



**दुर्ग।** लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच नगर पालिक निगम दुर्ग की महापौर अलका बाघमार, कलेक्टर अभिजीत सिंह एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल स्वयं छाता लेकर शहर की सड़कों पर उतरे और निगम अमले के साथ विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर जल निकासी व्यवस्था का जायजा लिया। वार्ड क्रमांक 38, 39, 57 एवं 58 सहित जलभराव की आशंका वाले क्षेत्रों का दौरा कर मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए तथा जहां-जहां पानी की निकासी में अवरोध मिला, उसे तत्काल हटाने की कार्रवाई कराई।इस दौरान एमआईसी सदस्य देव नारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, नीलेश अग्रवाल, पार्षद रामचंद्र सेन, रेशमा सोनकर,सरस निर्मलकर, रंजीता पाटिल सहित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहें। निरीक्षण के दौरान महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम बारिश के मौसम में पूरी तरह सतर्क है तथा नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी लगातार फील्ड में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि घरों एवं आसपास पानी का जमाव न होने दें तथा प्लास्टिक की बोतलें, पॉलीथिन, झिल्ली एवं अन्य कचरा नालियों में न फेंककर डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन को ही दें, जिससे जल निकासी बाधित न हो और जलजनित बीमारियों से बचाव किया जा सके। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जलभराव वाले क्षेत्रों की लगातार निगरानी की जाए तथा किसी भी सूचना पर तत्काल राहत कार्य शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा बारिश के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया सादर नमन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** पूर्व केन्द्रीय मन्त्री डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जयन्ती पर राजधानी शहर रायपुर के जी. ई. मार्ग में शारदा चौक के किनारे स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन क्रमांक 2 के सहयोग से सादर नमन करने संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन रखा गया।

पुष्पांजलि आयोजन में पहुंचकर रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी, नगर निगम सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, नगर निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी, नगर निगम रायपुर के पूर्व पार्षद श्री जयन्ती भाई पटेल सहित गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, नवयुवकों, आमजनों, नगर निगम अधिकारियों, कर्मचारियों ने पूर्व केन्द्रीय मन्त्री डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जयन्ती पर सादर नमन किया।

## बिना बिजली बंद किए नई तकनीक से खींचा गया 400 केवी ट्रांसमिशन लाइन का तार

- चेयरमेन सुबोध कुमार सिंह ने दी टीम को बधाई



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने आधुनिक हॉटलाइन स्ट्रिंगिंग (बिना बिजली बंद किए ट्रांसमिशन लाइन का तार खींचने की तकनीक) का उपयोग करते हुए 400 केवी डीसीडीएस ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण का महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया है। यह कार्य 765/400 केवी बिलासपुर पूल (पावरग्रिड, सीपत) सब-स्टेशन से 400/220 केवी धरदेही (जिला मुंगेली) सब-स्टेशन के बीच निर्माणाधीन ट्रांसमिशन लाइन पर किया गया।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज़ के चेयरमेन श्री सुबोध कुमार सिंह ने इस उपलब्धि पर ट्रांसमिशन कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर बिना बिजली आपूर्ति प्रभावित किए परियोजनाओं का कार्य पूरा करना कंपनी की तकनीकी दक्षता एवं कार्यकुशलता का परिचायक है।

ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि नई 400 केवी ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण के दौरान इसे कई पहले से चालू उच्चदाब बिजली लाइनों तथा एक रेलवे ट्रैक के ऊपर से ले जाना था। सामान्य परिस्थितियों में ऐसे कार्य के लिए संबंधित लाइनों का शटडाउन लेना पड़ता है, लेकिन मेसर्स ए सी बी आई एल (ACBIL), केपीएल (KPL) तथा एस्सार प्राइवेट लिमिटेड (ESSAR Pvt. Ltd.) की विद्युत लाइनों पर आवश्यक शटडाउन की अनुमति उपलब्ध नहीं हो सकी। इस प्रतिकूल परिस्थिति को देखते हुए ट्रांसमिशन कंपनी ने हॉटलाइन स्ट्रिंगिंग तकनीक अपनाई। इस तकनीक में चालू बिजली लाइनों को बंद किए बिना पूरी सुरक्षा के साथ नई ट्रांसमिशन लाइन का तार खींचा जाता है।

## ट्रेड लाइसेंस शुल्क पर कैट की पहल को मिली गति, समाधान की दिशा में बढ़े ठोस कदम



**रायपुर (विश्व परिवार)।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (CAIT) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन श्री जितेन्द्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन श्री सुरिन्दर सिंह, श्री जीवत बजाज, महामंत्री श्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष श्री विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेन्द्र जग्गी, श्री वासु माखीजा, श्री राम मंधान, श्री भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी एवं श्री शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रदेश के लाखों व्यापारियों के हितों की रक्षा एवं व्यापार करने की सुगमता (Ease of Doing Business) सुनिश्चित करने की दिशा में कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (CAIT) छत्तीसगढ़ की पहल लगातार सकारात्मक परिणाम की ओर बढ़ रही है।

CAIT के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन श्री अमर पारवानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने आज मंत्रालय में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव श्रीमती आर. संगीता (आईएएस) से विस्तृत बैठक कर छत्तीसगढ़ नगरपालिका व्यापार अनुज्ञापन (ट्रेड लाइसेंस) नियम, 2025 के अंतर्गत प्रस्तावित व्यापार अनुज्ञापन शुल्क वृद्धि से संबंधित विभिन्न व्यावहारिक एवं व्यापारी हितों के मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

# नकटी मामले में कांग्रेस के सभी आरोप निराधार : केदार कश्यप

- कांग्रेस झूठ और भ्रम फैलाकर सरकार की छवि खराब करने का असफल प्रयास कर रही है : केदार कश्यप




**रायपुर (विश्व परिवार)।** वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि नकटी ग्राम प्रकरण को लेकर कांग्रेस द्वारा राज्य सरकार पर लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह निराधार, भ्रामक और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित हैं। कांग्रेस जनता के बीच भ्रम फैलाकर सरकार की छवि खराब करने का सुनियोजित प्रयास कर रही है, जबकि इस पूरे मामले की वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता को गुमराह कर राजनीतिक रोटियां सेंकना चाहती है, लेकिन प्रदेश की जनता सच्चाई को अच्छी तरह जानती है।

मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि जिस भूमि को लेकर आज कांग्रेस राजनीति कर रही है, उसके आबंटन की प्रक्रिया 1 सितंबर 2020 से तत्कालीन कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रारंभ हुई थी। राजस्व अभिलेखों में स्पष्ट उल्लेख है कि यह भूमि हाउसिंग बोर्ड को आबंटित किए जाने के लिए प्रस्तावित थी। आबंटन के लिए भूमि चिन्हित होने के बाद वहां लगातार अवैध कब्जे बढ़ते गए और लगभग 3 हेक्टेयर से बढ़कर 15 हेक्टेयर तक अतिक्रमण फैल गया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने इस पूरे प्रकरण में लगातार विधिसम्मत कार्रवाई करने का प्रयास किया। प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा कब्जाधारियों के पुनर्वास और व्यवस्थापन के लिए कई बार सहमति बनाने का प्रयास किया गया।

# मरीजों का मनोवैज्ञानिक इलाज भी करें डॉक्टर : रमेन डेका

- लोक भवन से महाराष्ट्र मंडल को मिले एंबुलेंस की सेवा शुभारंभ समारोह में युवा डॉक्टर्स व चार्टर्ड एकाउंटेंट्स का भी किया सम्मान




**रायपुर (विश्व परिवार)।** डॉक्टर को किसी मरीज का इलाज दो स्तर पर करना चाहिए। एक अपनी दवाओं से और दूसरा मनोवैज्ञानिक तरीके से। जब आप किसी बीमार व्यक्ति को उसकी बीमारी के बारे में पूछताछ करते हैं, तो आपको अपनी शिक्षा व अनुभव के आधार पर उसके मर्ज की विस्तृत जानकारी हो जाती है और आप दवाओं का उसे पर्चा थमा देते हैं। आपकी लिखी दवाओं से मरीज ठीक हो जाता है। फिर भी उसे अपने स्वस्थ होने पर संदेह तो रहता है, क्योंकि डॉक्टर ने न तो उसे हाथ लगाया और न ही स्टेथोस्कोप से उसके शरीर की जांच की।

महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में युवा डॉक्टर्स और चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका ने इस आशय के विचार व्यक्त किए। रमेन डेका लोक भवन से मिले एंबुलेंस की सेवा का शुभारंभ करने के लिए बेहद खराब मौसम के बावजूद महाराष्ट्र मंडल पहुंचे थे। राज्यपाल ने डॉक्टर्स से कहा कि कम से कम आप अपने मरीज की मनोवैज्ञानिक संतुष्टि के लिए मरीज को स्पर्श कर, उसका स्टेथोस्कोप से जांच कर उसके पूरी तरह सेहतमंद होने का भरोसा तो दे ही सकते हैं।

रमेन डेका ने युवा चार्टर्ड एकाउंटेंट्स से कहा कि आप लोग व्यापारियों के सबसे करीबी और विश्वस्त मार्गदर्शक हो, शुभचिंतक हो और फिलासफर हो। जिस समय आम धरणा बनती है कि अब पुश्तैनी बिजनेस में कुछ नहीं बचा, तब आप ही हैं, जो उन्हें आपने मार्गदर्शन से पुराने बिजनेस में ही नवाचार करने का रास्ता दिखाकर कुछ नया सोचने और करने के लिए प्रोत्सहित करते हैं। उन्होंने युवा सीए से कहा कि उनके कंधों पर देश की अर्थव्यवस्था का भार है। इसे आप महसूस करें।

महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने कहा कि छह जून को शिवाजी प्रतिमा अनावरण समारोह में इसी मंच से राज्यपाल डेका ने मंडल को एबुंलेंस देने का वादा किया था। एक माह के भीतर लोक भवन से मिले एबुंलेंस की सेवा का उनके हाथों से ही शुभारंभ करते हुए देखकर हम सब उनके प्रति कृतज्ञ व आभारी हैं। काले ने कहा कि हम राज्यपाल के भरोसे पर खरा उतरकर दिखेंगे। इससे पूर्व राज्यपाल ने एबुलेंस का हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव चेतन दंडवते और आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल ने किया। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्यों, पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में सभासद भी उपस्थित थे।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354